www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 351, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 30 जून 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामला: सभी 8 आरोपी 14 दिन की न्यायिक**

## सभी 8 आरोपी 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजे गए, वकीलों ने पैरवी से किया इंकार

**अयोध्या**

**राम** मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में गिरफ्तार किए गए सभी आठ आरोपियों को अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई पेशी के बाद न्यायाधीश रजत वर्मा ने यह आदेश जारी किया। अदालत ने पुलिस की न्यायिक अभिरक्षा की मांग स्वीकार करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया। मामले की अगली सुनवाई अब 13 जुलाई को होगी।

**कोर्ट के बाद बार एसोसिएशन का बड़ा फैसला**

इस मामले में आरोपियों को अदालत के साथ-साथ फैजाबाद बार एसोसिएशन से भी बड़ा झटका लगा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कालिका मिश्रा ने बताया कि संघ ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि कोई भी सदस्य अधिवक्ता राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले के आरोपियों की ओर से अदालत में पैरवी नहीं करेगा।

उन्होंने कहा कि यदि कोई अधिवक्ता आरोपियों का वकालतनामा दाखिल करता है, तो उसे प्रति आरोपी पांच लाख रुपये की सहयोग राशि बार एसोसिएशन में जमा करनी होगी। इस राशि का उपयोग अभियोजन पक्ष की कानूनी सहायता और मुकदमे से जुड़े खर्चों में किया जाएगा।

**आरोपियों को सजा दिलाने के लिए गठित हुआ विशेष पैनल**

बार एसोसिएशन ने मामले की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करने के लिए करीब 15 अधिवक्ताओं का एक विशेष पैनल भी गठित किया है। यह टीम अभियोजन पक्ष को कानूनी सहयोग प्रदान करेगी। इसके अलावा 12 अन्य लोगों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए आवेदन तैयार करेंगे।





अध्यक्ष कालिका मिश्रा ने कहा कि यदि बाहरी अधिवक्ता आरोपियों की ओर से पैरवी करने आते हैं, तो बार एसोसिएशन इस पर भी आपत्ति दर्ज करेगा और आवश्यक कानूनी कदम उठाएगा।

**सीबीआई जांच की मांग हुई तेज**

बार एसोसिएशन ने पूरे मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराने की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच के लिए केंद्रीय एजेंसी की निगरानी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में विभिन्न याचिकाएं इलाहाबाद हाई कोर्ट में लंबित हैं।

संघ का कहना है कि यदि अदालत सीबीआई जांच का आदेश नहीं देती है तो वे आगे भी कानूनी विकल्पों का सहारा लेंगे।

**आरोपी की संपत्ति पर उठे सवाल**

मामले में गिरफ्तार आरोपी लवकुश मिश्रा को लेकर भी नई जानकारी सामने आई है। जांच के दौरान पता चला है कि राम मंदिर में नकदी गिनने वाली टीम का सदस्य रहे लवकुश की मासिक आय करीब 17 हजार रुपये थी। इसके बावजूद उसने अयोध्या के शहादतगंज क्षेत्र में एक भूखंड खरीदा और वहां तीन मंजिला मकान का निर्माण शुरू कराया।

सूत्रों के अनुसार जमीन और निमार्णाधीन भवन की कुल कीमत एक करोड़ रुपये से अधिक बताई जा रही है। पुलिस और जांच एजेंसियां अब उसकी आय और संपत्ति के स्त्रोतों की भी पड़ताल कर रही हैं।

मामले में लगातार नए खुलासों और जांच की कार्रवाई के बीच राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण प्रदेश की सबसे चर्चित जांचों में शामिल हो गया है।

## यमुना का पानी पहुंचेगा राजस्थान, शेखावाटी समेत जल संकट वाले इलाकों को बड़ी राहत

**राजस्थान**

**राजस्थान** की पानी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक को दूर करने की दिशा में सोमवार (29 जून 2026) को ऐतिहासिक कदम उठाया गया. नई दिल्ली में राजस्थान और हरियाणा के बीच यमुना जल समझौते यानी एमओए पर हस्ताक्षर हो गए. करीब 32 साल से अटकी इस परियोजना के लिए अब दोनों राज्यों ने औपचारिक सहमति दे दी है. इसके साथ ही राजस्थान के लिए यमुना का पानी लाने का रास्ता लगभग पूरी तरह साफ हो गया है.

करीब 34,102 करोड़ रुपये की



इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत राजस्थान को उसके हिस्से का 577 एमसीएम यमुना जल मिलेगा. यह पानी हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से करीब 295.5 किलोमीटर लंबी भूमिगत पाइपलाइन के जरिए चूरू जिले के हंसियावास जलाशय तक पहुंचाया जाएगा.

इसके लिए 3.6 मीटर व्यास की तीन बड़ी भूमिगत पाइपलाइन, आधुनिक जल प्रबंधन प्रणाली, निरीक्षण सड़क और कृत्रिम जलाशय भी बनाए जाएंगे।

## अमरनाथ गुफा का शंखनाद

**अमरनाथ**

**जम्मू**-कश्मीर में पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर में पारंपरिक 'प्रथम पूजा' के साथ सोमवार को सालाना अमरनाथ यात्रा 2026 की औपचारिक शुरूआत हुई। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने बाबा बफार्नी की पूजा-अर्चना की और देश भर के लोगों के लिए शांति, समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। ज्येष्ठ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर आयोजित इस पवित्र समारोह के साथ ही भारत की सबसे पवित्र हिंदू तीर्थयात्राओं में से एक की तैयारियों की आधिकारिक शुरूआत हो गई।

## भरत तिवारी केस: राष्ट्रपति के पास पहुंचा मामला

### बिहार के मुख्य सचिव को दिया गया ये निर्देश



**नई दिल्ली**

**भरत** तिवारी एनकाउंटर केस की जानकारी अब राष्ट्रपति तक पहुंच गई है. सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट संजीव कुमार सिंह ने राष्ट्रपति को संबोधित करते हुए 24 जून को इमेल किया था. उस याचिका पर आज (सोमवार) संज्ञान लिया गया है और बिहार के मुख्य सचिव को निर्देश दिया गया है कि इस पर कार्रवाई की जाए. साथ ही कार्रवाई की जानकारी याचिकाकर्ता को भी देने को कहा गया है.

**याचिका में क्या कुछ कहा गया?**

याचिका दायर करने वाले एडवोकेट संजीव कुमार सिंह ने एबीपी न्यूज को बताया कि भरत तिवारी केस में एफआईआर के बाद मैंने राष्ट्रपति के यहां याचिका दायर की थी. उन्होंने याचिका में यह कहा है कि भरत तिवारी के केस में जिस-जिस व्यक्ति का नाम है जैसे- एसडीपीओ, थानाध्यक्ष और जो एसटीएफ के जवान हैं, यानी जिनका नाम एफआईआर में है उनकी तुरंत गिरफ्तारी हो.

संजीव कुमार सिंह ने कहा कि उनकी याचिका के बाद आज (सोमवार) मेल के जरिए जवाब आया. इस पर बिहार के चीफ सेक्रेटरी को संज्ञान लेने के लिए कहा गया है. संजीव कुमार ने कहा, "चीफ सेक्रेटरी के यहां मिलने हम भी जाएंगे. हम चाहते हैं कि जल्द गिरफ्तारी हो. अगर नहीं होती है तो हम आरा कोर्ट में इस एफआईआर को लेकर गैर जमानतीय वारंट जारी करने के लिए आवेदन देंगे।

## न युद्ध थम रहा, न तेल की कीमतें! ट्रंप के 30 जून की दोहा मीटिंग के दावे पर तेहरान का इनकार

**अमेरिका**

**होर्मुज** में हमलों के बाद ईरान ने अमेरिका से किसी तरह की बातचीत को लेकर अपना पक्ष रखा है. ईरान ने किसी भी तरह की बातचीत से इनकार कर दिया है. ट्रंप ने मंगलवार को दोहा में ईरान के साथ बातचीत की घोषणा की, जिस पर तेहरान की तरफ से स्पष्ट प्रतिक्रिया दी गई है. इससे पहले अमेरिकी अधिकारी न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के हवाले से दी खबर में कहा था कि ईरान और अमेरिका हमले रोकने और बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं.

इसके अलावा खबर आई थी कि बहरीन और कुवैत में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ईरान का हमला हुआ था. ट्रंप ने कहा भी था कि अमेरिका सैन्य तरीके से काम पूरा कर सकता है. वहीं, दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर अस्थायी सीजफायर का उल्लंघन का आरोप लगाया था. इधर, इजरायल ने कहा है कि उसने दक्षिणी लेबनान में हिज्बुल्लाह पर हमले फिर से शुरू कर दिए हैं।

## पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर लगी पाबंदियां हटाएगी सरकार

**नई दिल्ली**

**भारत** 1 जुलाई से पेट्रोल और डीजल की बिक्री पर लगी अस्थायी पाबंदियां हटा लेगा। इससे वे आपातकालीन उपाय खत्म हो जाएंगे जो इस महीने की शुरूआत में ईरान के खिलाफ अमेरिका-इजराइल युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से पैदा हुई रुकावटों के बीच घरेलू ईंधन सप्लाई को सुरक्षित रखने के लिए लागू किए गए थे। संभावित सप्लाई की कमी को देखते हुए एहतियात के तौर पर लगाई गई इन पाबंदियों के तहत कमर्शियल ग्राहकों के लिए रिटेल फ्यूल



स्टेशनों से पेट्रोल और डीजल खरीदना बंद कर दिया गया था। अधिकारियों ने आम जनता के लिए डीजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए इसकी खरीद पर रोजाना की सीमा भी तय कर दी थी। ये पाबंदियां इस डर के बीच लगाई गई थीं कि खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका-इजराइल युद्ध से ग्लोबल एनर्जी सप्लाई चेन बाधित हो सकती है और ईंधन की उपलब्धता पर असर पड़ सकता है।

**कमर्शियल LPG की सप्लाई फिर से शुरू**

पिछले हफ़्ते, केंद्र सरकार ने कमर्शियल LPG की सप्लाई को संकट से पहले के स्तर पर बहाल कर दिया।

मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने मार्च में लगाई गई वे अस्थायी पाबंदियां हटा ली हैं, जो अमेरिका और इजराइल के बीच युद्ध के कारण ग्लोबल एनर्जी सप्लाई चेन में रुकावट आने के बाद लागू की गई थीं। घरेलू खाना पकाने वाली गैस की सप्लाई को प्राथमिकता देने के लिए लगाई गई।

## 1 जुलाई से लागू होगी नई ईवी पॉलिसी, मुख्यमंत्री ने किया ऐलान

**नई दिल्ली। दिल्ली** सरकार ने राजधानी में प्रदूषण कम करने और स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई इलेक्ट्रिक व्हीकल पॉलिसी 2026 को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सचिवालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा करते हुए बताया कि उपराज्यपाल की स्वीकृति के बाद यह नीति 1 जुलाई 2026 से लागू होगी और 31 अगस्त 2031 तक प्रभावी रहेगी। सरकार का दावा है कि नई नीति से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा मिलेगा, प्रदूषण में कमी आएगी और नागरिकों को आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

**प्रदूषण नियंत्रण और हरित परिवहन पर सरकार का फोकस**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि नई ईवी




पॉलिसी राजधानी की सबसे बड़ी चुनौतियों– वायु प्रदूषण और बढ़ते यातायात–का समाधान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने बताया कि इस नीति से अगले कुछ वर्षों में दिल्लीवासियों को करीब 15 हजार करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष आर्थिक लाभ मिलने का अनुमान है।

सरकार ने दोपहिया, तिपहिया, चारपहिया, मालवाहक वाहन, ट्रक और ग्रामीण परिवहन सेवाओं को भी इस नीति के दायरे में शामिल किया है ताकि इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का दायरा व्यापक बनाया जा सके।

**विभिन्न श्रेणियों के वाहनों पर बढ़ेगा प्रोत्साहन**

नई नीति के तहत इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को अलग-अलग श्रेणियों में आकर्षक प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों पर 30 हजार से 50 हजार रुपये तक की सहायता मिलेगी। वहीं इलेक्ट्रिक ट्रक खरीदने वालों को 1 लाख रुपये तक की सब्सिडी दी जाएगी। ग्रामीण सेवा वाहनों के लिए 20 हजार रुपये तक का स्क्रैपिंग इंसेंटिव भी निर्धारित किया गया है।

## सिया ने मंगेतर केतन से शॉपिंग के नाम पर 1 करोड़ रुपये लेकर प्रेमी चेतन को दिए थे, जांच में चौंकाने वाले खुलासे

**पुणे। कारोबारी** केतन अग्रवाल हत्याकांड की जांच में लगातार नए और सनसनीखेज खुलासे हो रहे हैं। पुलिस जांच के अनुसार, मुख्य आरोपी सिया गोयल ने अपने मंगेतर केतन अग्रवाल से शादी की तैयारियों और खरीदारी के नाम पर करीब एक करोड़ रुपये लिए थे। आरोप है कि बाद में यह पूरी रकम उसने अपने प्रेमी चेतन चौधरी को सौंप दी। पुलिस का दावा है कि दोनों ने न केवल केतन की हत्या की विस्तृत साजिश रची थी, बल्कि हत्या के बाद अपने भविष्य की भी पूरी योजना तैयार कर रखी थी।



पुलिस के मुताबिक, 18 जून को दोनों आरोपियों ने कथित रूप से केतन अग्रवाल को पुणे के लोहागढ़ किले की ऊंची चट्टान से गहरी खाई में धक्का देकर मौत के घाट उतार दिया।

मामले की जांच में आर्थिक लेन-देन, कॉल रिकॉर्ड और डिजिटल साक्ष्यों की भी पड़ताल की जा रही है।

## बंगाल के मिड-डे-मील में अंडा देने पर बवाल, जानें क्यों ओडिशा मॉडल पर स्कूल शिक्षा विभाग की नजर

**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल में शुभेंदु अधिकारी सरकार की तरफ से पिछले हफ्ते राज्य के प्राथमिक स्कूलों के बच्चों को मिड-डे-मील के तहत भोजन उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी इस्कॉन को सौंपे जाने के बाद से ही राजनीतिक बवाल मचा हुआ है और इस बवाल के केंद्र में बच्चों को भोजन में दिया जाने वाला अंडा है . इस्कॉन ने स्कूली बच्चों को शुद्ध शाकाहारी भोजन खिलाने की बात कही है और साथ ही यह भी कहा कि उसके मेन्यू में अंडे सहित कोई भी मांसाहारी भोजन शामिल नहीं होगा, जिसका मतलब है कि अब बच्चों को मिड-डे-मील में अंडा नहीं दिया जाएगा.



हालांकि, इस मुद्दे को लेकर मचे राजनीतिक बवाल के बीच विवाद से बचने के लिए अब बंगाल स्कूल शिक्षा विभाग पड़ोसी राज्य ओडिशा के एक मॉडल को अपनाने के लिए नजर बनाए हुए है . दरअसल, ओडिशा के इस मॉडल के तहत स्कूलों को अगर वे चाहें तो उन्हें मिड-डे-मील में बच्चों को अंडा उपलब्ध कराने के लिए विभाग की तरफ से अतिरिक्त राशि दी जाएगी।

## योगी सरकार का एक तीर और निशाने पर 9 टारगेट!

**यूपी**

**राजनीतिक** हलकों में कहा जाता है, कि बीजेपी अपना मास्टर प्लान कभी भी एक साथ किसी भी राज्य में चुनाव से पहले जारी नहीं करती है. अगर कोई सौगात भी देना है, तो उसके पीछे एक बड़ी लंबी राजनीतिक रणनीति होती है. यूपी में भी कुछ ऐसा ही नजर आ रहा है. सवाल है, क्या 2027 में तीसरी बार योगी सरकार सत्ता दोहरा पाएगी, और अगर पाएगी, तो क्या नदी किनारे बसे इन कुछ इलाके के लोगों को साधने की कोशिश कर रही है?

हालांकि, चुनावी बिगुल तो नहीं बजा, लेकिन सुगबुगाहट सरकार के फैसलों में दिखने लगी है. बीजेपी का भी लक्ष्य उन सीटों को साधने का है, जहां उसने लोकसभा चुनाव में सीटें गंवाई थी, वरना क्या जरूरत थी कि जिन इलाकों में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के सांसद बने थे, उस इलाके को 10.4 मिलियन प्रोजेक्ट की सौगात दे.

### गोमती रिवर पर 104 करोड़ खर्च




यूपी की योगी आदित्यनाथ नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार 10.4 मिलियन की लागत के गोमती नदी के उद्गम स्थल का डेवलपमेंट करेगी. यह पीलीभीत जिले में गोमती नदी के पवित्र उद्गम स्थल के आसपास टूरिस्ट स्पॉट बनाना है. यह पर्यटन विभाग की पहल है. गोमती नदी उत्तर प्रदेश में 960 किमी तक बहती है. यह आस्था और संस्कृतिक विरासत को बचाए रखती है. योगी के मंत्री जयवीर सिंह ने इस प्रोजेक्ट को लेकर कहा है कि गोमती नदी के पवित्र उद्गम स्थल के विकास से पर्यटन में एक नया अध्याय खुलेगा.

गोमती नदी गंगा में मिलने से पहले शाहजहांपुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, लखनऊ, बाराबंकी, सुल्तानपुर, जौनपुर और गाजीपुर से होकर गुजरती है. इन इलाकों की लखीमपुर खीरी, सीतापुर, मोहनलालगंज, सुल्तानपुर, जौनपुर और गाजीपुर मिलाकर 6 सीटें बीजेपी के पास नहीं है. यानी 9 सीटों में से सिर्फ 3 सीटें ही बीजेपी के पास हैं.

**बीजेपी नहीं तो किन पार्टियों के पास यह सीट है ?**

लखीमपुर खीरी लोकसभा सीट सपा के पास है. यहां से उत्कर्ष वर्मा मधुर सांसद हैं. सीतापुर सीट पर कांग्रेस का कब्जा है. यहां राकेश राठौर सांसद हैं. मोहनलाल गंज लोकसभा सीट सपा के पास है. यहां से सांसद आरके चौधरी हैं. सुल्तानपुर लोकसभा सीट सपा के पास है, यहां से सांसद रामभुआल निषाद हैं. जौनपुर से सांसद बाबू सिंह कुशवाह हैं. यह सीट भी सपा के पास है. वहीं, गाजीपुर सीट से अफजाल अंसारी सांसद हैं. यह सीट भी सपा के पास है.

**योगी सरकार का प्लान 'वर्ल्ड क्लास टूरिज्म और आध्यात्मिक स्थल' बनाना**

हालांकि, राजनीति से इतर योगी सरकार लगातार प्रदेश में धार्मिक और कल्चरल स्पॉट बढ़ाने पर ध्यान दे रही है. इसके लिए बकायदा कदम भी उठाए गए हैं. इनमें अयोध्या, काशी, मथुरा, नैमिषारण्य और विंध्य धाम जैसे धार्मिक तीर्थ स्थल हैं. अब सरकार जीवनदायनी गोमती नदी के आसपास टूरिस्ट स्पॉट बनाएगी. इसके लिए बकायदा कालीनगर तहसील में गोमती नदी उद्गम स्थल के लिए 10.4 मिलियन प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है।

# राहुल गांधी के 19 जुलाई प्रयागराज दौरे को लेकर कांग्रेस ने तेज की तैयारियां



अखंड भारत संदेश

**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार की ओर से सोमवार को फूलपुर के देवनहरी में गंगापार जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ब्लॉक स्तरीय बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकताओं के साथ 'छात्रों की गूंज' अभियान, बूथ संगठन को मजबूत बनाने तथा आगामी 19 जुलाई को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रयागराज आगमन की तैयारियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के मुख्य अतिथि एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेखर बहुगुणा ने कहा कि 19 जुलाई को राहुल गांधी प्रयागराज आ रहे हैं। देश का छात्र और युवा पेपर लीक, बेरोजगारी तथा भर्ती प्रक्रियाओं में हो रही देरी से परेशान है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी 'छात्रों की गूंज' अभियान के माध्यम से युवाओं से सीधा संवाद करेंगे। इसके लिए प्रत्येक गांव और कोचिंग संस्थानों से अधिक से अधिक छात्रों को जोड़कर कार्यक्रम को सफल बनाया जाए।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनीष मिश्रा ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल की सबसे बड़ी ताकत उसका बूथ संगठन होता है। यदि बूथ स्तर पर संगठन मजबूत होगा, तभी पार्टी जन-जन तक अपनी बात प्रभावी ढंग से पहुंचा सकेगी।

जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि 19 जुलाई का छात्र संवाद केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य और उनके अधिकारों की आवाज बुलंद करने का अभियान है। उन्होंने कार्यकताओं से प्रत्येक बूथ पर बैठकें आयोजित कर संगठन का विस्तार करने तथा अधिक से अधिक युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ने का आह्वान किया।

बैठक का संचालन जिला महासचिव सुनील पाण्डेय ने किया।

इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय, रामकिशुन पटेल, शरद उपाध्याय (मुन्ना), डॉ. जगत नारायण सिंह, कमलाकांत मिश्रा, अनुपम द्विवेदी, शायरा आयशा, नसीम हाशमी, अरविंद यादव, लल्लू यादव, राजेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष रितेश पासी, डॉ. अमर सिंह पटेल, सुरेश पटेल, संगम लाल गुप्ता, प्रदीप पाण्डेय, रमेश मौर्य, श्यामजी धुरिया, विश्वनाथ गुप्ता, रेखा पटेल, संगीता पटेल, फोटो देवी, सुषमा पाल, सफीक हाफिज, सलीम टाइगर, बजरंग बहादुर सिंह, आकाश पासी, अवधेश बहादुर, करण कनौजिया, कार्तिकेय पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में बूथ अध्यक्ष एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से युवक की कई जान, मचा कोहराम

**करछना प्रयागराज।** बुधवार की भोर करीब पांच बजे फरार्टा लगाते समय करंट की जद में आने से युवक की मौत हो गई।कुछ देर बाद घर के लोग जाने तो डाक्टर को दिखाने कहीं गये।तब तक मौत हो जाने से मौत घोषित कर दिया।मौत की सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया।करछना के भीरपुर चौकी क्षेत्र कटका निवासी आजाद केसरवानी के चार बेटों में 20 वर्षीय मुकेश केसरवानी कक्षा 11 वीं का छात्र था। फरार्टा लगाते समय उसमें अर्थ उतरने से चपेट में आ गये।थोड़ी ही देर में उनकी मौत हो गई।जबकि पूर्व आई आधी से घर में सीट ठीक कराने का काम चल रहा था।मुकेश की मौत होते ही घर में कोहराम मच गया।परिजनों ने पोस्टमार्टम न कराते हुए छतवा गंगा घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।कटका में किराने की दुकान खोलकर परिवार के लोग जीवन यापन करते हैं।

## कुकुढ़ी में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, साइकिल पाकर खिले चेहरे



अखंड भारत संदेश

**कौंधियारा।** क्षेत्र के कुकुढ़ी गांव में सोमवार को मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करना था। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कार्यक्रम में हाईस्कूल की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अधिवक्ता एवं समाजसेविका अर्चना पासी ने मेधावी छात्राओं मनीषा तिवारी, आदर्श शुक्ला, बेबी यादव तथा छात्र चंदन सिंह यादव को साइकिल भेंट कर उनका उत्साह बढ़ाया। वहीं अन्य प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

अर्चना पासी ने कहा कि शिक्षा समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार है। ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत केवल उचित अवसर और प्रोत्साहन की है। उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर मेहनत कर अपने परिवार और गांव का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

समारोह में अभिभावकों और ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों का मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांशु भारतीय, दिनेश भारतीय, विजय कुमार भारतीय सहित ग्रामवासियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

## मानदेय न मिलने को लेकर ब्लाक में रोजगार सेवकों की हुई बैठक



अखंड भारत संदेश

**करछना।** आगामी एक जुलाई को मानदेय को लेकर लखनऊ में धरना जाने को लेकर कार्यरत रोजगार सेवकों ने समोवार को ब्लाक परिसर में बैठक रणनीति तैयार की गई।ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव ने कहा कि बीते 12 महीने से रोजगार सेवकों का मानदेय नही मिल पा रहा है। जिसके कारण रोजगार सेवकों को आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।पूर्व में भुगतान का आश्वासन दिए जाने के बाद भी काफी समय बीत जाने के बाद भी समस्या का समाधान नही हो सका। इसी बात को लेकर निर्णय लिया गया कि आगामी एक जुलाई को लखनऊ पहुंचकर समस्या को लेकर धरना दिया जाएगा। उन्होने बताया कि करछना ब्लाक में तैनात सभी रोजगार सेवक लखनऊ जाने के लिए बैठक कर अवगत कराया गया। इस मौके पर दयाशंकर सिंह, अशोक सिंह, नीलम सिंह, शीला, विक्रांत, आनंद, सुमन कुशवाहा समेत कई रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## जमीन पर जबरन कब्जे का आरोप, पीड़िता ने कौंधियारा थाने में दी तहरीर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के अकोढ़ा ग्राम पंचायत के मजरा सिटकहिया में जमीन पर कथित रूप से जबरन कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता विमला देवी पत्नी लालमणि पटेल ने कौंधियारा थाने में लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता विमला देवी का आरोप है कि उनकी निजी भूमि पर गांव के ही पन्नालाल पुत्र द्वारिका प्रसाद तथा उनके दामाद हीरालाल पटेल द्वारा जबरन कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संबंधित भूमि उनकी है और विपक्षी पक्ष का उक्त जमीन से किसी प्रकार का कोई कानूनी संबंध नहीं है। इसके बावजूद लगातार भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है।

विमला देवी ने अपनी तहरीर में यह भी आरोप लगाया है कि जब उन्होंने कब्जा करने का विरोध किया तो आरोपितों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना के बाद वह भय और असुरक्षा के माहौल में जीवन व्यतीत करने को मजबूर हैं। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा उनकी जमीन की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

घटना की जानकारी मिलने के बाद कौंधियारा थाना पुलिस ने पीड़िता की तहरीर दर्ज कर मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों से जानकारी जुटाई जा रही है और भूमि से संबंधित दस्तावेजों का भी परीक्षण किया जाएगा। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन संबंधी विवाद अक्सर तनाव का कारण बनते हैं। ऐसे मामलों में समय रहते प्रशासनिक हस्तक्षेप और निष्पक्ष जांच आवश्यक मानी जाती है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि विवाद का समाधान कानून के दायरे में होना चाहिए और किसी भी पक्ष को स्वयं कानून हाथ में नहीं लेना चाहिए।

फिलहाल पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है। अभी तक आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और मामले में जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद उपलब्ध साक्ष्यों और तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## दो अलग-अलग गांवों में मार पीट में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम खानदेव का सराय निवासनीय संजीव देवी पत्नी प्रेम चंद्र का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर विपक्षी एक राय होकर उसे लाठी डंडा से मार पीट कर लहुलुहान कर दिए तथा शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल संजीव देवी ने मऊआइमा थाना में विकास यादव, राधेश्याम की पत्नी नाम अज्ञात, घनश्याम की पत्नी नाम अज्ञात, बलराम की पत्नी नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर ग्राम महरौंडा में मार पीट के मामले में दूसरे पक्ष की नूर जहां पत्नी नजमुद्दीन ने आरोप लगाया है कि विपक्षी उसके घर में घुसकर मारे पीटे और घायल कर दिए। नूरजहां ने कमर आजम, तौसीफ उर्फ कैफी,कैश युसुफ, मोहम्मद अलताफ के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## मांडाखास में लगा सचल न्यायालयः न्यायाधीश वर्मा ने 25 मामलों का किया निस्तारण, जनसहयोग से अपराध कम होने पर जोर

**मांडा।** मांडाखास ग्राम पंचायत के सचिवालय में सोमवार को सचल न्यायालय का आयोजन किया गया। इस दौरान न्यायाधीश व पीठासीन अधिकारी संतोष कुमार वर्मा ने कुल 25 मामलों का निस्तारण किया। उन्होंने कहा कि जन सहयोग से ही अपराधों को कम किया जा सकता है। न्यायाधीश वर्मा ने इस बात पर जोर दिया कि पहले सास-बहू और परिवार के झगड़े तब कम होते थे, जब परिवार ही नहीं, बल्कि पास-पड़ोस के बड़े-बुजुर्गों का भी सम्मान होता था और ज्यादातर मामले आपस में ही सुलझ जाते थे। उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे एकल परिवारों के बढ़ने और बुजुर्गों के सम्मान में कमी आने से मुकदमों का बोझ और आपराधिक मामलों में वृद्धि हुई है। सचल न्यायालय में मांडा खास की दिलख्शा बानो और भारतगंज कस्बे के सलमान के मध्य तलाक के एक मामले में न्यायाधीश ने ग्राम प्रधान की मध्यस्थता से निस्तारण की सलाह दी। वहीं, मांडा खास निवासी संतोष कुमार जायसवाल के जमीन संबंधी मामले में सक्षम न्यायालय में चल रहे मुकदमे के निर्णय की प्रतीक्षा करने को कहा गया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था हेतु इंस्पेक्टर मांडा अनिल कुमार वर्मा पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद रहे। सचल न्यायालय में लिपिक हर्ष तिवारी, अर्दली देवानंद और अनिल कुमार भी उपस्थित थे। न्यायालय की व्यवस्था ग्राम प्रधान मांडा खास डॉ.असद अली ने की थी। इस दौरान कई महिलाएं भी सचल न्यायालय में मौजूद थीं।यह उल्लेखनीय है कि छह महीने पहले भी मांडा खास ग्राम सचिवालय में सचल न्यायालय का सफल आयोजन किया गया था।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले, कई घायल

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के सेहरा गांव में सोमवार दोपहर को जमीन के विवाद को लेकर एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। घटना में कई लोग घायल हो गए, जिनमें एक पक्ष के अभयराज पटेल के सिर में गंभीर चोट आई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों का उपचार कराते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सेहरा गांव निवासी अभयराज पटेल पुत्र स्वर्गीय गुलाब सिंह ने कौंधियारा थाने में दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि परिवार के ही मनोज कुमार, विनोद कुमार पुत्रगण स्वर्गीय इंद्रजीत तथा उनके साथ आए तीन अज्ञात लोगों ने जमीन के विवाद को लेकर उन्हें गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इसके बाद सभी लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया।

हमले में अभयराज पटेल के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। वहीं उनके बेटे सिमोद तथा बेटी भी मारपीट में घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह मामला शांत कराया और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद गांव में कुछ समय के लिए तनाव का माहौल बना रहा।

उधर, दूसरे पक्ष की ओर से भी कौंधियारा थाने में तहरीर दी गई है। उनका आरोप है कि विवाद के दौरान उनके साथ भी मारपीट की गई, जिसमें उनके लोग भी घायल हुए हैं। दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करने का आरोप लगा रहे हैं।

घटना की सूचना मिलते ही कौंधियारा पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए हैं तथा घायलों का चिकित्सीय परीक्षण कराया जा रहा है। मामले से जुड़े प्रत्यक्षदर्शियों से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि विवाद की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके।

थाना प्रभारी कुलदीप शर्मा ने बताया कि सेहरा गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई है। दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं और दोनों की ओर से तहरीर प्राप्त हुई है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। जांच के आधार पर साक्ष्यों के अनुरूप विधिक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए हैं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की गई है। मामले की जांच जारी है।

## पूर्व प्रधान के आकस्मिक निधन लोगों ने जताया शोक

**करछना।** ब्लॉक करछना के ग्राम पंचायत भडेव़रा के पूर्व प्रधान रहे गांव निवासी लालता प्रसाद ओझा का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। जिससे परिजन सहित सगे- संबंधी लोग शोकाकुल है। मनैया गंगा घाट पर परिजनों की ओर से सोमवार को उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें लोगों को भीड़ रही। उनके शव यात्रा में क्षेत्रीय सहित दूर - दराज के लोगों की भीड़ रही। देव प्रभाकर ओझा व श्याम प्रभाकर ओझा दो पुत्रों में मुखाग्नि उनके छोटे पुत्र ने दिया । लोगों की ओर से उनके कृतित्व व व्यक्तित्व की सराहना की गई। और उनके कार्यकाल की प्रशंसा भी की गई। पूर्व प्रधान छोटेलाल मिश्र, पवन कुमार मिश्र, उमाकांत तिवारी सहित आदि प्रधानों की ओर से शोक जताया गया।

## अग्निकांड के बाद शंकरगढ़ में अग्निशमन विभाग का निरीक्षण, कोचिंग समेत कई संस्थानों की हुई जांच

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़।** हाल ही में हुए भीषण अग्निकांड के बाद अग्निशमन विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में सोमवार को बारा फायर स्टेशन के प्रभारी डी.के. त्रिपाठी अपनी टीम के साथ शंकरगढ़ पहुंचे और क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग सेंटरों, अस्पतालों, गेस्ट हाउसों तथा लॉज का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान गुरुकुल कोचिंग सेंटर, बालाजी कोचिंग सेंटर सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच की गई। डी.के. त्रिपाठी ने संचालकों को निर्देशित किया कि भवनों में पर्याप्त निकास मार्ग (इमरजेंसी एग्जिट), अग्निशमन यंत्र एवं अन्य सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। उन्होंने कहा कि किसी भी भवन में अत्यधिक भीड़भाड़ (कंजेस्टेड व्यवस्था) नहीं होनी चाहिए और बेसमेंट का उपयोग नियमों के विपरीत किसी भी प्रकार की गतिविधि के लिए नहीं किया जाएगा। फायर प्रभारी ने स्पष्ट किया कि अग्नि सुरक्षा मानकों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संस्थान संचालकों से अपील की कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और समय-समय पर अग्निशमन उपकरणों की जांच कराते रहें। अग्निशमन विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के कोचिंग संस्थानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीरता बढ़ी है। विभाग का उद्देश्य भविष्य में किसी भी संभावित अग्निकांड से जन-धन की हानि को रोकना और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं जावेद अहमद पुत्र अब्दुल खालिक निवासी ग्राम जमखुरी, परगना व तहसील सोरांव, थाना मऊआइमा, जनपद प्रयागराज का स्थाई निवासी हूं मैं अपने बड़े पुत्र मो० जैद उम्र 21 वर्ष पुत्र जावेद अहमद को उसके अनैतिक क्रिया कलापों, माता-पिता से बात बात पर गाली गलौज व मार पीट करने तथा उनकी बातों को न मानने आदि के कारण से उसे अपनी सम्पूर्ण चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं उसका मुझसे व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई वास्ता व सरोकार नहीं है। उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

### बेदखली सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नजमा बानो पत्नी हकीम उद्दीन निवासी मकान नंबर 187 पल्हाना उपरहार मूरतगंज थाना संदीपन घाट तहसील चायल जनपद कौशांबी की रहने वाली हूं मेरे तीन पुत्र शेख कलीम उद्दीन मोहम्मद कैफ वा मोहम्मद शोएब हैं मेरा दूसरा पुत्र मोहम्मद कैफ को छोड़कर दोनों पुत्र मेरी और मेरे पति के साथ जीवन यापन करते हैं तथा हर प्रकार से मदद वा हिकमत करते हैं मेरा दूसरा पुत्र मोहम्मद कैफ का चाल चलन ब्यौहार ठीक नहीं है मोहम्मद कैफ ने मेरे विरोध में आकर दो विवाह किया है इस संबंध में मेरे पति ने कई बार समझाने का प्रयास किया किंतु मोहम्मद कैफ समझने को तैयार नहीं है मोहम्मद कैफ ने समाज में हमारी प्रतिष्ठा धूमिल किया है मोहम्मद कैफ अय्याश किस्म का व्यक्ति है जो आए दिन जुआ शराब में संलिप्त रहता है सही रास्ते में नहीं चलता और ना ही सामान्य नागरिक की तरह रहता है अपने दूसरे पुत्र मोहम्मद कैफ के आचरण से त्रस्त होकर मोहम्मद कैफ को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से तथा अपने जीवन से बेदखल किया जाता है मोहम्मद कैफ द्वारा किए गए गैर कानूनी कार्य व नाजायज कार्य तथा आपराधिक कृत्य से मेरा वा मेरे परिवार का कोई वास्ता सरोकार नहीं रहेगा।

## भरत भूषण तिवारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर जंघई में निकला कैंडल मार्च

अखंड भारत संदेश



**जंघई।** भोजपुर बिहार के भरत भूषण तिवारी की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर जंघई स्टेशन से जंघई बाजार, बाईपास होते हुए पेट्रोल टंकी तक कैंडल मार्च निकाला गया और भरत तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। उपस्थित लोगों ने सीबीआई जांच, न्यायिक जांच और आरोपित पुलिसकर्मियों की गिरफ्तारी की मांग किया। बिहार प्रदेश के भोजपुर जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के बिलौटी गांव में 17 जून को पुलिस मुठभेड़ में जान गंवाने वाले भरत भूषण तिवारी को न्याय दिलाने की मांग को लेकर रविवार देर शाम को जंघई कैंडल मार्च निकाला गया। बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर भरत भूषण तिवारी को न्याय दो और हत्यारों को फांसी दो जैसे नारे लगाए गए घटना पर आक्रोश जताते हुए दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वक्ताओं ने दावा किया कि यह पुलिस मुठभेड़ नहीं, बल्कि सुनियोजित हत्या का मामला है उनका आरोप था कि भरत भूषण तिवारी गरीब, वंचित और पीड़ित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे थे तथा आत्मसमर्पण के बाद उन्हें गोली मारे जाने का आरोप बेहद गंभीर है। वक्ताओं ने कहा कि अब तक की गई कार्रवाई पर्याप्त नहीं है उन्होंने मांग की कि जिन पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है, उन्हें अविलंब गिरफ्तार किया जाए साथ ही भोजपुर के पुलिस अधीक्षक को तत्काल निलंबित करने की भी मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने मामले की सीबीआई से स्वतंत्र जांच कराने तथा उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश की निगरानी में न्यायिक जांच कराने की मांग की उनका कहना था कि निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच से ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी। सभा में मौजूद लोगों ने कहा कि भरत भूषण तिवारी किसी एक जाति या वर्ग के नहीं, बल्कि समाज के सभी वर्गों के हितों के लिए संघर्ष कर रहे थे वक्ताओं ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार को उजागर करने के कारण वे एक सुनियोजित साजिश का शिकार बने। कैंडल मार्च में बच्चन मिश्रा प्रधान, मनोज पांडेय, नीरज मिश्रा, आशीष शुक्ला, विजय मिश्रा, रिंकू मिश्रा, आदर्श पाठक, परमिल दुबे, मनोज दुबे, योगेश सिंह, सुमित तिवारी, अश्वनी उपाध्याय, शैलेश पाठक सहित सैकड़ों नौजवान उपस्थित रहे।

## मेजा एसीपी संत प्रसाद उपाध्याय सेवानिवृत्त



**मांडा।** यमुनापार मेजा के एसीपी संत प्रसाद उपाध्याय 30 जून को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर सोमवार को लगभग पांच बजे नगर पंचायत भारतगंज कार्यालय परिसर में एक विदाई समारोह आयोजित किया गया। जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में अधिकारियों,जनप्रतिनिधियों और समिति के सदस्यों ने उनके कार्यकाल की सराहना की। समारोह की मुख्यअतिथि मेजा एसडीएम नीलम उपाध्याय रही जबकि नगर पंचायत भारतगंज के अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर टंकी ने कार्यक्रम कि अध्यक्षता की। वही मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पूर्व शासकीय अधिवक्ता अब्दुल हक अंसारी ने एसीपी संत प्रसाद उपाध्याय के कार्यकाल की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि उपाध्याय ने लगभग एक वर्ष तक मेजा क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, अपराध नियंत्रण और आमजन के प्रति संवेदनशील कार्यशैली से अपनी पहचान बनाई। इस अवसर पर जिला अपराध निरोधक समिति के कई सक्रिय सदस्यों को उनके उत्कृष्ट सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। समारोह में भारतगंज चौकी प्रभारी हर्ष कुमार, सभासद तबस्सुम, इरशाद अहमद, जावेद खान सहित पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, अपराध निरोधक समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमन मिश्रा ने किया।

# व्यापारियों के टैक्स से देश का विकास, ईमानदार करदाता आधुनिक युग के भामाशाह : नंदी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** दानवीर भामाशाह की जयंती पर सोमवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित व्यापारी कल्याण दिवस कार्यक्रम में प्रदेश के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने जिले के सर्वाधिक कर देने वाले व्यापारियों, उद्योगपतियों और फर्मों को 'भामाशाह सम्मान' से सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ, जबकि सेंट एंथोनी कॉलेज के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।




मंत्री नंदी ने कहा कि व्यापारियों और उद्यमियों द्वारा ईमानदारी से जमा किए गए कर से ही देश और प्रदेश के विकास कार्यों को गति मिलती है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में ईमानदारी से कर चुकाने वाले व्यापारी आधुनिक युग के भामाशाह हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भामाशाह जयंती को व्यापारी कल्याण दिवस के रूप में मनाया जा रहा है, जिससे व्यापारियों के योगदान को सम्मान मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज नए भारत का ग्रोथ इंजन और रेवेन्यू सरप्लस राज्य बनकर उभरा है। प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था, निवेश के अनुकूल माहौल, एक्सप्रेस-वे, एयरपोर्ट और औद्योगिक विकास के कारण बड़े निवेश आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के सहयोग से प्रदेश तेजी से एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि करदाताओं के योगदान से ही सरकार गरीबों के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने कहा कि कर के प्रत्येक रुपये का उपयोग पूरी पारदर्शिता के साथ आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान, शौचालय और अन्य कल्याणकारी योजनाओं में किया जा रहा है। उन्होंने व्यापारियों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं का प्रशासन स्तर पर त्वरित समाधान कराया जाएगा।

कार्यक्रम में जिले की विभिन्न फर्मों और उद्यमियों को उत्कृष्ट कर योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। इस अवसर पर संस्कृति विभाग की ओर से दानवीर भामाशाह के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई, जबकि लोक कलाकारों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। शिक्षा विभाग ने निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता का भी आयोजन किया।

कार्यक्रम में राज्य कर विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

## युवा गायक ओम शिवम पांडे के निधन पर शोकसभा

**नैनी।** नैनी यमुना पार कलाकार संघ द्वारा युवा गायक एवं संघ के वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय ओम शिवम पांडे के आकस्मिक निधन पर शोकसभा आयोजित की गई। कलाकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की तथा शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। संघ के अध्यक्ष प्रियांशु श्रीवास्तव ने कहा कि ओम शिवम पांडे एक प्रतिभाशाली कलाकार थे जिनका असमय निधन कला जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। वहीं प्रकाशन मंत्री मुन्ना मासूम ने कहा कि कलाकार समाज को खुशियां देने का कार्य करते हैं इसलिए उनके परिवार को कठिन समय में सहयोग मिलना समाज और शासन की नैतिक जिम्मेदारी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि स्वर्गीय ओम शिवम पांडे के परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा कलाकारों, सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की जाएगी। शोकसभा में उपस्थित सभी कलाकारों ने परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़े रहने का संकल्प लिया।

# हज-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू, 20 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** हज-2027 की यात्रा के लिए इच्छुक लोगों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कृष्ण मुरानी ने बताया कि हज कमेटी ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट और 'हज सुविधा' मोबाइल एप के माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 20 जुलाई 2026 की रात 11:59 बजे निर्धारित की गई है।

उन्होंने बताया कि जुलाई के अंतिम सप्ताह में डिजिटल रैंडम चयन (कुर्रा) प्रक्रिया के माध्यम से अस्थायी रूप से चयनित यात्रियों का चयन किया जाएगा। चयनित प्रत्येक हज यात्री को 10 अगस्त 2026 तक 1,52,300 रुपये की अग्रिम राशि जमा करनी होगी। निर्धारित समय सीमा के बाद किसी प्रकार का विस्तार नहीं दिया जाएगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि आवेदन करने से पहले अभ्यर्थी हज-2027 के दिशा-निर्देशों और घोषणापत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ लें तथा अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। आवेदन के साथ मशीन रीडेबल भारतीय पासपोर्ट के प्रथम एवं अंतिम पृष्ठ की स्कैन प्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा। पासपोर्ट आवेदन की अंतिम तिथि तक जारी होना चाहिए और उसकी वैधता कम से कम 31 दिसंबर 2027 तक होनी चाहिए। इसके अलावा नवीन पासपोर्ट आकार का फोटो, बैंक पासबुक अथवा निरस्त चेक तथा पते के प्रमाण की स्कैन कॉपी भी अपलोड करनी होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि दस्तावेजों के फोटो स्वीकार नहीं किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि हज सीट का निरस्तीकरण हतोत्साहित किया जाता है, क्योंकि इससे यात्रा व्यवस्थाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यदि कोई यात्री सीट निरस्त करता है तो हज-2027 की गाइडलाइन के अनुसार उस पर निर्धारित दंड लगाया जाएगा। इसलिए केवल वही लोग आवेदन करें, जिन्होंने हज यात्रा करने का अंतिम निर्णय ले लिया हो।

# बाबा साहेब की अस्थि कलश विस्थापित करने का षडयंत्र बर्दाश्त नहीं : डा रामदास आठवले

### आज बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की अस्थि कलश को विस्थापित करने को लेकर लखनऊ में गरजेंगे केंद्रीय मंत्री, अंबेडकरवादी समाज और कार्यकताओं संग अंबेडकर प्रतिमा से अंबेडकर महासभा तक करेंगे पैदल मार्च जताएंगे विरोध

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की अस्थि कलश को विस्थापित करने का षडयंत्र और साजिश के खिलाफ आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के मंत्री डॉ रामदास आठवले के आह्वान पर समस्त अंबेडकरवादी समाज ने हुंकार भरते हुए मंगलवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के नेतृत्व में हजरतगंज स्थित अंबेडकर प्रतिमा से आंबेडकर महासभा तक बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों संग पैदल मार्च करने का ऐलान किया है। उक्त आशय की जानकारी आरपीआई के प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि यह पैदल मार्च कार्यक्रम मंगलवार को सुबह 10 बजे अटल चौक लखनऊ में संपन्न होगा जिसकी अगुवाई पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री डॉ रामदास आठवले करेंगे। प्रयागराज जिलाध्यक्ष के अनुसार बाबा साहेब की अस्थि कलश विस्थापित करने को लेकर बेहद नाराज केंद्रीय मंत्री डॉ रामदास आठवले ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि बाबा साहेब के अपमान के विरोध में देश के कोने कोने से अंबेडकरवादियों का लखनऊ में बड़ा जनसैलाब उमड़ेगा और अंबेडकर साहब के अस्थि कलश विस्थापित करने का षडयंत्र और साजिश किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं की जाएगी। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता भी आवाज बुलंद करेंगे। आरपीआई और अंबेडकरवादी समाज ने बड़े पर शंखनाद कर लखनऊ के लिए कूंच कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि बाबा साहेब की अस्थि कलश उसी स्थान पर रहने का हमारा और पार्टी कार्यकताओं तथा अंबेडकरवादी लोगों का संकल्प है। जिलाध्यक्ष प्रयागराज संजय गौतम ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कार्यकर्ता बाबा साहेब का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने और पैदल मार्च का हिस्सा बनने की अपील किया है।



केंद्रीय मंत्री डॉ रामदास आठवले

# प्रयागराज में करदाता जागरूकता कार्यक्रम, नए आयकर कानून को बताया सरल और करदाता हितैषी

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आयकर विभाग की ओर से सोमवार को आयकर भवन में करदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त (उत्तर प्रदेश पूर्व) अपर्णा एम. अग्रवाल ने नए आयकर अधिनियम-2025 को करदाताओं के लिए अधिक सरल, पारदर्शी और सुगम बताते हुए कहा कि ईमानदार करदाता ही देश की आर्थिक मजबूती की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि नए कानून और आयकर नियम-2026 का उद्देश्य कर व्यवस्था को आसान बनाना और अनुपालन की प्रक्रिया को सहज बनाना है।




कार्यक्रम में मुख्य आयकर आयुक्त इलाहाबाद मीनाक्षी सिंह ने विभाग की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में इलाहाबाद क्षेत्र ने 940 करोड़ रुपये के लक्ष्य के मुकाबले 2,038.95 करोड़ रुपये का शुद्ध कर संग्रह किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 132.10 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए क्षेत्र को 2,300 करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला है, जिसमें शुरूआती दो महीनों में 206.98 करोड़ रुपये का संग्रह हो चुका है। इसी अवधि में 265.30 करोड़ रुपये के रिफंड भी करदाताओं को जारी किए गए।

उन्होंने बताया कि विभाग ने शिकायतों के निस्तारण में भी बेहतर प्रदर्शन किया है। पिछले वित्त वर्ष में सीपीग्राम्स की 1,824 शिकायतों का समाधान किया गया, जबकि मई 2026 तक प्राप्त सभी 415 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया है। इसके अलावा हजारों सुधार आवेदन, ई-निवारण और अपील से जुड़े मामलों का भी समयबद्ध निपटारा किया गया।

मुख्य आयकर आयुक्त ने बताया कि जुलाई माह में आयकर विभाग 'एरियर डिमांड एवं टैक्सपेयर ग्रीवांस रिड्रेसल फोर्टनाइट' अभियान चलाएगा। इसके तहत कर मांग (डिमांड) से जुड़े लंबित आवेदनों और शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

कार्यक्रम में आयकर अधिनियम-2025 के प्रमुख प्रावधानों पर प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही नई आयकर रिटर्न संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए ई-वॉल का प्रदर्शन किया गया, जिसे क्यूआर कोड स्कैन कर डाउनलोड किया जा सकता है।

इस अवसर पर आयकर भवन के पुनरोद्धार कार्य का शिलान्यास भी किया गया। साथ ही परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों को पर्यावरण अनुकूल किट और आयकर विभाग के नए सूचना ब्रोशर भेंट किए गए।

कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों, चिकित्सकों तथा विभिन्न केंद्रीय सरकारी विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया और कर प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं सरल बनाने के संबंध में अपने सुझाव साझा किए। प्रधान आयकर आयुक्त मानस मेहरोत्रा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयकर विभाग पारदर्शी, निष्पक्ष और करदाता हितैषी सेवाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# मेजा में फिर अज्ञात डंफर वाहन ने फल विक्रेता को मारी टक्कर हालत गंभीर, ग्रामीणों में आक्रोश

**मेजा।** ठेला पर फल बेचकर वापस घर लौट रहे फल विक्रेता को बीती रात अज्ञात डंफर वाहन ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर के बाद सड़क पर सुनसान होने की वजह से चालक मौके से फरार हो गया। यह घटना मेजारोड पुलिस चौकी से लगभग डेढ़ किमी की दूरी पर मेजारोड- कोहड़ार मार्ग पर रामपुर गांव के पास हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के बंधवा गांव निवासी शंकरलाल प्रजापति मेजारोड पटेल मार्केट में ठेला पर फल भेजकर अपना व परिवार का भरण पोषण करते हैं। बताया जाता है कि फल भेजने के बाद वह देररात ठेला सहित पैदल घर जा रहे थे जैसे ही फल विक्रेता शंकर लाल प्रजापति कोडस्टोरेज के आगे रामपुर गांव के समीप पहुंचे सामने से तेज रफ्तार अनियंत्रित आ रहे अज्ञात डंफर वाहन चालक ने फल विक्रेता को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि शंकर लाल के सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं और वह सड़क पर लहूलुहान होकर गिर पड़े। टक्कर की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों ने फौरन पहुंच घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां दौरान इलाज हालत चिंताजनक बनी हुई है। सूचना मिलने पर चौकी प्रभारी मय फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल करते हुए अज्ञात वाहन की तलाश में जुट गए। देखा जाय तो लगातार हो रही इन दुर्घटनाओं से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। लगभग दो सप्ताह पूर्व भी इसी स्थान पर एक और फल विक्रेता को अनियंत्रित डंफर ने ठेला में टक्कर मारी थी जिसमें उसकी मौत हो गई थी। मौत के बाद ग्रामीणों ने चक्काजाम भी किया था लेकिन स्थानीय प्रशासन के मान मनौवल के बाद जाम समाप्त हुआ था। उस दौरान भी ग्रामीणों के आक्रोश पर प्रशासन ने भटौती क्रेशर प्लांट से निकलने वाली ट्रैकों के स्पीड को कम कराने का आश्वासन दिया था। लेकिन ऐसे वाहनों की स्पीड पर आज तक कोई रोक नहीं लगी। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण नहीं किया गया तो इस रोड पर ऐसे ही हादसे होते रहेंगे। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई करने और यातायात व्यवस्था को सुधारने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि अगर पुलिस प्रशासन इस पर लगाम नहीं लगती है तो जनता सड़क पर निकालकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी और इसकी जिम्मेदारी स्थानीय पुलिस प्रशासन की होगी।

## सर्पदंश से आंगन में सो रही महिला की दर्दनाक मौत से घर में मचा कोहराम

*बीती रात घर के आंगन में चारपाई पर सोई हुई थी मृतका रीता पटेल,जहरीले सर्प के काटने से हुई दर्दनाक मौत*



सर्पदंश के बाद अस्पताल में मृत घोषित होने पर मृतक महिला के शव को घर लेकर पहुंचते परिजन

**मेजा।** बीती रात आंगन में सो रही एक महिला का सर्पदंश से दर्दनाक मौत होने से घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची मेजा पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी 35 वर्षीय रीता पटेल पत्नी राजकुमार रविवार देरात अपने घर के आंगन में चारपाई पर सो रही थी इसी दौरान उसे जहरीले सांप ने डस लिया। बताया जाता है कि सर्पदंश के बाद महिला की हालत बिगड़ती देख परिजनों ने कुछ घरेलू उपचार करना शुरू किया। इस दौरान हालत में सुधार न होने की स्थिति में रीता को आनन फानन अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर सुबह घटना की सूचना पर मेजा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल की कार्यवाही करते हुए शव को कब्जे लेकर पीएम के लिए भेज दिया। उल्लेखनीय है कि मृतका रीता पटेल के दो छोटे छोटे मासूम बच्चे हैं उसकी मौत से गांव में जहां मातम का माहौल है वहीं बच्चों और परिजनों का रो–रो बुरा हाल है।

# मेजा विधायक संदीप पटेल के खिलाफ उन्हीं के पार्टी कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा की नारेबाजी

### प्रयागराज आए पार्टी प्रमुख से कार्यकर्ताओं ने की शिकायत, नारेबाजी कर विधायक से जताई नाराजगी कहा संदीप हटाओ मेजा बचाओ

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा विधायक संदीप पटेल के खिलाफ उनकी पार्टी के लोगों ने ही मोर्चा खोल दिया है। प्रयागराज पहुंचे अखिलेश यादव से शिकायत करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता रामसागर यादव (मुखिया) के नेतृत्व में मेजा विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी विधायक के खिलाफ नारे बुलंद कर हुंकार भरते हुए पहुंचे। हाथों लिए तख्तियों में लिखे नारे अखिलेश यादव से बैर नहीं, संदीप तुम्हारी खैर नहीं, ठेकेदार विधायक चाहिए, संदीप हटाओ मेजा बचाओ आदि का नारा लगाया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि सपा विधायक संदीप पटेल द्वारा न तो क्षेत्र में कोई कार्य कराया गया है और न ही कार्यकताओं को मान सम्मान ही दिया जा रहा है जिससे कार्यकर्ता काफी उपेक्षित हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि आगामी चुनाव में मेजा विधान सभा से संदीप पटेल का टिकट काटकर पार्टी के शीर्ष नेताओं द्वारा चाहे जिस जाति और बिरादरी के नेता को टिकट दिया जाएगा उसको यह कि जनता और कार्यकताओं द्वारा जिताने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर सपा नेता विशाल पटेल के अलावा कई अन्य प्रभावशाली नेता प्रदर्शन में प्रमुख रूप से मौजूद रहे।




मेजा विधायक संदीप पटेल के खिलाफ मोर्चा खोलते मेजा के सपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी

# देवरी में बंद हुए सार्वजनिक मार्ग की बहाली को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### विनोद कुमार मित्तल कंपनी के द्वारा अवरुद्ध किए गए रास्ते को लेकर ग्रामीणों में है भारी आक्रोश

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम देवरी में स्थित ग्राम सभा की बंजर भूमि पर हुए अवैध कब्जे को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार को एसडीएम मेजा को पांच सूत्रीय ज्ञापन पत्र सौंपा। उल्लेखनीय है कि मेजा तहसील क्षेत्र के ग्राम देवरी में गाटा संख्या 724 ग्राम सभा की सुरक्षित बंजर भूमि है। उक्त भूमि पर वर्षों से ग्रामवासियों के आवागमन हेतु एक सार्वजनिक मार्ग निकला हुआ था, जिसका उपयोग ग्रामीण अरसा पूर्व से करते आ रहे हैं। यह मार्ग ग्रामवासियों के आवागमन के साथ-साथ क्षेत्र के प्राचीन धार्मिक एवं आस्था के केंद्र सिद्ध शिव बहरा पीठ तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता भी रहा है किंतु वर्तमान में विनोद कुमार मित्तल नामक कंपनी द्वारा उक्त सार्वजनिक मार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया है, जिससे ग्राम वासियों, श्रद्धालुओं एवं किसानों को आवागमन में जहां भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है वहीं इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं भी आहत हो रही हैं साथ ही साथ गांव के परंपरागत अधिकारों का हनन भी हो रहा है। ज्ञापन सौंपने वाले ग्रामीणों के अनुसार इस प्रकरण में पूर्व में कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं और राजस्व विभाग की टीम द्वारा मौके की जांच एवं पैमाइश भी कराई जा चुकी है जिसकी रिपोर्ट भी रिपोर्ट प्रस्तुत की जा चुकी है। इतना ही नहीं जन सुनवाई पोर्टल एवं अन्य माध्यमों से भी प्रकरण प्रशासन के संज्ञान में लाया जा चुका है। इसके बावजूद भी आज तक न तो अवैध कब्जा हटाया गया और न ही दशकों पुराने सार्वजनिक मार्ग को बहाल कराया गया। परिणाम स्वरूप ग्रामवासियों में भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा की भूमि पर किसी भी निजी संस्था अथवा व्यक्ति का अवैध कब्जा न केवल राजस्व अभिलेखों के विपरीत है, बल्कि ग्राम समाज के अधिकारों एवं सार्वजनिक हित पर भी सीधा आघात है। उनका मानना है कि ग्राम सभा की भूमि पूरे गांव की संपत्ति है जिस पर किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण स्वीकार्य नहीं है। ऐसे में निम्न मांगों जिसमें गाटा संख्या-724 की ग्राम सभा की बंजर भूमि का सीमांकन कराकर उसे तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराने,विनोद कुमार मित्तल कंपनी अथवा अन्य व्यक्तियों द्वारा बंद किए गए सार्वजनिक मार्ग को तत्काल खुलवाने,सिद्ध शिव बहरा पीठ तक निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने,पूर्व में हुई जांच एवं पैमाइश रिपोर्ट के आधार पर दोषी व्यक्तियों/संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही किए जाने तथा भविष्य में ग्राम सभा की भूमि पर पुनः अतिक्रमण न करने और इसके लिए स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित कराने आदि बिंदुओं पर कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने को लेकर तहसील मुख्यालय में एसडीएम मेजा नीलम उपाध्याय को ज्ञापन सौंपा है।




गांव का सार्वजनिक रास्ता अवरुद्ध होने से एसडीएम मेजा को ज्ञापन सौंपते आक्रोशित ग्रामीण

# तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने दिलाया तुरंत न्याय, ट्रैक्टर से तुड़वाया अवैध मेड़

**कोरांव।** तहसील कोरांव में तहसीलदार रोशनी सोलंकी की तत्परता से एक गरीब किसान को वर्षों बाद न्याय मिला है। सोमवार को कोसफरा गांव निवासी फूलचंद्र पुत्र राज नारायण ने तहसील में जनसुनवाई के दौरान अपनी पैतृक भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई थी।

फूलचंद्र ने बताया कि आराजी संख्या 1133, रकवा 1.0060 हेक्टेयर में उनका 1/3 हिस्सा है। गांव के ही एक व्यक्ति ने धोखे से उनके हिस्से की भूमि को अपने खेत में मिलाकर जोत लिया और मेडबंदी कर दी। पीड़ित जब भी अपनी जमीन पर कब्जा लेने जाता, विपक्षी एकजुट होकर मारपीट व झगड़े पर उतारू हो जाते थे। शिकायत को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार रोशनी सोलंकी तत्काल राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। लेखपाल राघवेंद्र यादव व अन्य राजस्व कर्मियों की मौजूदगी में स्थलीय निरीक्षण व पैमाइश कराई गई। जांच में फूलचंद्र की शिकायत सही पाई गई।



तहसीलदार के निर्देश पर मौके पर ही ट्रैक्टर मंगवाकर अवैध रूप से बनाए गए मेड को नष्ट कराया गया। इसके बाद राजस्व टीम ने शिकायतकर्ता फूलचंद्र को उसकी भूमि की सीमांकन कराकर कब्जा दिलाया। चंद घंटों में वर्षों पुराना विवाद निस्तारित होने पर फूलचंद्र की आंखें भर आईं। उन्होंने तहसीलदार रोशनी सोलंकी का आभार जताते हुए कहा कि ₹आज सही मायने में न्याय मिला है।₹

इस मौके पर तहसीलदार रोशनी सोलंकी ने कहा, ₹तहसील स्तर पर जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी व निष्पक्ष निस्तारण करना है। भूमि विवाद जैसे संवेदनशील मामलों में मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करने से पीड़ित को तत्काल राहत मिलती है

# टीन शेड ठीक करने के दौरान उतरा करंट विवाहिता की मौत, तीन झुलसे

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** कोतवाली के रायगढ़ गांव में आंधी के दौरान उड़े टीनशेड को ठीक करने के दौरान उसमें उतरे करंट की चपेट में आकर पैंतीस साल की विवाहिता की मौत हो गई। जबकि तीन लोग इस घटना में झुलस गए। उन्हें इलाज के लिए जिला मेडिकल कालेज भेजा गया है। घटना सोमवार सुबह की बताई गई है। क्षेत्र के रठवत गाँव निवासी राम संतोष उर्फ गोपाल के घर पर लगा टीन शेड दो दिनों पूर्व आँधी में उड़ गया था। उसे सोमवार की सुबह लोग ठीक कर रहे थे। जैसे ही टीन शेड को ठीक करने के लिए उसकी सपोर्ट में लगाया गया। पोल तार की चपेट में आया तो उसमें करंट उतर गया। 35 साल की मीरा उर्फ रंजना उसकी चपेट में आ गई। उसे छुड़ाने के लिए गाँव के ही निवासी दौड़े तो वह लोग भी उसकी चपेट में आ गए। अचानक बिजली बंद होने से लोगों की जान बच गई। सूचना डायल 112 को दी गई। ग्रामीणों के साथ परिजनों द्वारा करंट की चपेट में आए लोगों को इलाज के लिए जिला मेडिकल कालेज ले जाया गया। जहां पर मीरा उर्फ रंजना को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। शेष अन्य पति राम संतोष कुमार, हरि नारायण व देवरानी का इलाज शुरू किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि मौके पर एंबुलेंस बुलाई गई लेकिन एंबुलेंस नहीं पहुंची। मृतका मीरा के तीन बेटे बारह साल का रामनारायण नौ साल का शिव शंकर,सात साल का नंदन व तीन बेटियां अठारह साल की रत्ना, पन्द्रह साल की खुशबू व तेरह साल की नीलम है। दुर्घटना में विवाहिता की मौत से गांव में गम और सदमे का माहौल है।





# पल्स पोलियो अभियान के तहत घर-घर पहुंच रहे स्वास्थ्यकर्मी

**प्रतापगढ़।** पल्स पोलियो अभियान के तहत शून्य से पांच वर्ष तक के नौनिहालों को पोलियो खुराक पिलाई जा रही है। अभियान के तहत सोमवार को स्वास्थ्यकर्मियों ने घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का अभियान शुरू किया। इस बाबत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता ने बताया कि अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए कुल पचास टीमें बनायी गयी हैं। प्रत्येक टीम में एएनएम, आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्री बच्चों को घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलायेंगी। सुपर वाइजर राधेश्याम यादव, पवन मिश्र, राकेशचंद्र पाण्डेय, रामवृक्ष यादव आदि के नेतृत्व में क्षेत्र के कस्बा लालगंज, टीकाराम, चकौड़िया, पयागीपुर, जगन्नाथपुर आदि गांवों में स्वास्थ्य टीम ने सोमवार को भ्रमण कर बच्चों को पोलियोरोधी खुराक की दो बूदें पिलाई। अधीक्षक ने बताया कि पारदर्शिता से अभियान का संचालन कराया जा रहा है।

## न्यूज झरोखा

### प्रीतम के वैज्ञानिक अधिकारी बनने पर खुशी



**प्रतापगढ़।** मेधावी के वैज्ञानिक अधिकारी पद पर चयनित होने से परिवार व क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है। लालगंज के मोठिन गांव निवासी प्रीतम मौर्य पुत्र राम गरीब मौर्य ने ऍटामिक एनर्जी संस्थान में वैज्ञानिक अधिकारी के पद पर सफलता हासिल कर जनपद का मान बढ़ाया है। मेधावी प्रीतम के पिता किसान हैं व माता रंजना मौर्य आशा बहू हैं। प्रीतम की सफलता से परिवार के सदस्य गदगद हैं। वहीं प्रीतम के वैज्ञानिक अधिकारी बनने की जानकारी होने पर गांव व क्षेत्र के आशुतोष मिश्र, गुडडू द्विवेदी, विनोद मिश्र, रामचंद्र द्विवेदी, दशरथ लाल मौर्य, शिवप्रसाद केसरवानी, राजेश मिश्र, उमाकांत मौर्य, राज नारायण मौर्य, राम बहादुर मौर्य, शिव बहादुर मौर्य, रामदुलारे यादव, बब्बू यादव, हरिश्चंद्र यादव, रामचंद्र शर्मा आदि ने खुशी साझा करते हुए उपलब्धि को गौरवपूर्ण कहा है।

### पोषाहार पैकेट की बोरी पर छिपकली मिलने पर विभाग में हड़कंप, जांच के लिए पहुंची सीडीपीओ

**पट्टी।** बेलखरनाथ धाम ब्लाक के यहियापुर गांव स्थित एक केंद्र पर रखे गए पोषाहार के पैकेट की एक बोरी पर शनिवार शाम साफ सफाई करते समय बोरी के ऊपर छिपकली मिलने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीनाक्षी ने इसकी जानकारी विभाग को दे दी, जानकारी होते ही बाल विकास पुष्टाहार विभाग में हड़कंप मच गया। जानकारी होते ही रविवार सुबह लगभग दस बजे बेलखरनाथ धाम ब्लाक की प्रभारी सीडीपीओ पूनम जायसवाल यहियापुर गांव पहुंच कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने आस पास के कुछ लाभार्थियों से बात की तो उन्होंने बताया कि गांव में अभी पोषाहार का वितरण नहीं किया गया है। इसके लिए समय दिया गया है। सीडीपीओ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीनाक्षी के केंद्र पर जाकर देखा तो वहां पोषाहार के पैकेट की बोरी रखी हुई थी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि पोषाहार की नई रेसिपी आई है, पोषाहार वितरण के पहले बोरी की साफ सफाई और बोरी से बैच नंबर निकाल कर स्कैनिंग के लिए बोरी को खोला गया तो बोरी के ऊपर छिपकली मिली थी। उसे कपड़े से वहां से हटा दिया गया। सीडीपीओ ने लगभग दो घंटे तक यहियापुर गांव में रुककर जांच पड़ताल की तो वहां कुछ नहीं मिला। प्रभारी सीडीपीओ पूनम जायसवाल ने बताया कि पोषाहार पर छिपकली मिलने की सूचना पर गांव में जाकर लाभार्थियों एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के केंद्र पर जांच पड़ताल की गई। जिस पोषाहार में छिपकली मिलने की बात कहीं गई है वह निराधार है। संपूर्ण पोषाहार केंद्र पर सुरक्षित रखा हुआ है। उसका वितरण लाभार्थियों को जल्द ही किया जाएगा।

### दो वांछित गिरफ्तार, भेजे गये जेल

**प्रतापगढ़।** अलग अलग मामलों के दो वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सांगीपुर थाना के उप निरीक्षक आकाश शुक्ल ने सोमवार को पुलिस बल के साथ गश्त के दौरान वांछित गौहानी निवासी संजय कुमार पुत्र रामसजीवन को गिरफ्तार किया है। वही लीलापुर थाना के उप निरीक्षक सौरभ यादव ने बासूपुर पौड़िया निवासी धर्मेन्द्र पण्डा पुत्र रामखेलावन को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

### केबल व पेड़ क्षतिग्रस्त करने पर दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** सबमर्सिबल का केबल व पेड़ क्षतिग्रस्त करने के आरोप को लेकर पीड़ित ने सोमवार को पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के माफीदार का पुरवा गांव निवासी ओमप्रकाश मिश्र का आरोप है कि रविवार को दोपहर गांव के एक व्यक्ति ने जबरन उसके सबमर्सिबल का केबल तथा नीम के दो पेड़ को तोड़ दिया। पूछतांछ करने पर आरोपी धमकी देते हुए मारपीट पर आमदा हो गया और झूठे मुकदमे मे फंसा देने की धमकी देने लगा। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, हालत बिगड़ी

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के लखीपुर कप्सा गांव में सोमवार दोपहर एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा है। लखीपुर कप्सा गांव निवासी हरिलाल का 20 वर्षीय पुत्र अरविंद सोमवार को घर पर मौजूद था। परिजनों के अनुसार दोपहर करीब चार बजे किसी बात को लेकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर बाद उसकी हालत खराब होने लगी तो परिजनों को इसकी जानकारी हुई। युवक की हालत गंभीर देख परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे। अस्पताल में चिकित्सकों ने युवक का इलाज शुरू किया। डॉक्टर पंकज कुमार ने बताया कि जहरीला पदार्थ खाने के बाद एक युवक को अस्पताल लाया गया है। उसका उपचार किया जा रहा है और चिकित्सकों की टीम उसकी निगरानी कर रही है। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

# व्यापारी कल्याण दिवस समारोह में 10 उत्कृष्ट करदाताओं का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश

**प्रतापगढ़।** दानवीर भामाशाह जयंती के उपलक्ष्य में विकास भवन सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य रहे और कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वि0रा0) आदित्य प्रजापति ने की। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग द्वारा जनपद के विभिन्न व्यापारिक क्षेत्रों से जुड़े 10 उत्कृष्ट करदाताओं को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। मुख्य अतिथि विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने सम्मानित करदाताओं को ह्लप्रतापगढ़ के भामाशाहह्व की संज्ञा देते हुए कहा कि व्यापारी समाज प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने में व्यापारियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और वे प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के ह्यविकसित भारतह्न के संकल्प को साकार करने में सहभागी बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह का जीवन त्याग, उदारता, राष्ट्रभक्ति और समाजसेवा की अनुपम मिसाल है। ऐसे महान व्यक्तित्व की जयंती पर ईमानदारीपूर्वक कर अदा करने वाले व्यापारियों को सम्मानित करना समाज में सकारात्मक संदेश देने वाली पहल है।



अपर जिलाधिकारी आदित्य प्रजापति ने कहा कि जिला प्रशासन व्यापारियों के हितों की रक्षा, उनकी सुरक्षा तथा समस्याओं के समाधान के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। उन्होंने व्यापारिक संगठनों से अपील की कि वे अपनी समस्याओं एवं सुझावों को उचित मंच पर रखें, जिससे उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मंजीत सिंह छावड़ा सहित अन्य पदाधिकारियों राजेन्द्र कुमार केसरानी, विजय कुमार गुप्ता, उमा प्रकाश अग्रहरि ने भामाशाह के त्याग, दानशीलता और राष्ट्रसेवा के योगदान को याद किया और उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में आये हुये व्यापारी प्रतिनिधियों का आभार एवं धन्यवाद उपायुक्त राज्य कर वेगराज सिंह ने किया। कार्यक्रम में राज्य कर विभाग प्रतापगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में तीन वर्ष से अधिक समय से पंजीकृत विभिन्न श्रेणियों के एसजीएसटी करदाताओं में से चयनित 10 बड़े करदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चयन कारोबार की विभिन्न श्रेणियों एवं कर योगदान के आधार पर किया गया। 50 करोड़ रुपये से अधिक टर्नओवर श्रेणी में शिवशंकर सिंह (सिद्धार्थ टीवीएस) तथा भूपेन्द्र सिंह (राठौर मेडिकल स्टोर) को सम्मानित किया गया। वहीं 5 करोड़ से 50 करोड़ रुपये की श्रेणी में वीरेन्द्र कुमार सिंह (गांधी ऑटो सेल्स) और रामयज्ञ बरनवाल (बरनवाल आयरन स्टोर) को सम्मान मिला। इसी प्रकार 1.5 करोड़ से 5 करोड़ रुपये की श्रेणी में रविन्द्र कुमार एवं राम आसरे शुक्ला, जबकि 1.5 करोड़ रुपये तक की श्रेणी में राकेश कुमार सिंह तथा प्रीति सिंह को सम्मानित किया गया। महिला उद्यमी वर्ग में निर्मला सिंह (अक्षत ट्रेडर्स) एवं शीला त्रिपाठी (श्री बद्रीनाथ ऑटो सेल्स) को उत्कृष्ट करदाता के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संस्कृति विभाग से आये प्रतिनिधि श्याम लाल वर्मा गायन मण्डली द्वारा जयन्ती पर लोकगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आनन्द कुमार सिंह एवं इमरान खान असिस्टेण्ट कमिशनर, राम आसरे यादव व कमलेश कुमार वर्मा राज्य कर अधिकारी एवं कार्यालय के कर्मचारियो सुरेश ऊमरवैश्य, हरिकेश प्रजापति, संजीत यादव आदि ने अपना योगदान किया। कार्यक्रम का संचालन राज्य कर अधिकारी सुरेश ने किया।

# नकबजनी एवं मारपीट के आरोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कुंडा।** नकबजनी व मारपीट के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ दीपक भूकर के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) बृजनन्दन राय के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी कुण्डा शिव नारायण वैस के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन एवं सुरागरसी के आधार पर घटना का सफल अनावरण करते हुए पुलिस ने 01 अभियुक्त रविकांत कौशल पुत्र शीतला प्रसाद कौशल निवासी बाबूगंज बाजार मजरा मझिलगांव से गिरफ्तार किया। इससे पहले गिरफ्तार अभियुक्तों की निशानदेही पर 42 ग्राम गलाई हुई सफेद धातु का चपटीनुमा टुकड़ा, लगभग 02 ग्राम सफेद धातु की पायल का टुकड़ा, 5500 रुपए नकद तथा 01 एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया था। बरामदगी एवं विवेचना में प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) एवं 109(1) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है। इससे पहले इसी प्रकरण में कमलेश कुमार द्विवेदी उर्फ कमलेश दुबे पुत्र स्व. अखिलानन्द द्विवेदी, निवासी ग्राम बंतरी मजरा रैयापुर, शुभम द्विवेदी उर्फ बमबम पुत्र कमलेश द्विवेदी, निवासी ग्राम बंतरी मजरा रैयापुर, को गिरफ्तार किया जा चुका है। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक संजय कुमार सिंह मय हमराह उ0नि0 गोबिंद सिंह चैहान, उ0नि0 गंगाचरण प्रजापति, रि0का0 विनय मिश्रा, रि0का0 विवेक गौतम, म0का0 श्वेता राय, म0का0 अनुराधा सिंह थाना कुण्डा, जनपद प्रतापगढ़ एवं स्वाट टीम से उ0नि0 अमित कुमार चैरसिया, उ0नि0 दिनेश सिंह, मुख्य आरक्षी धनंजय राय, मुख्य आरक्षी महेंद्र प्रताप, आरक्षी जागीर सिंह, आरक्षी अरविंद दुबे, आरक्षी आशुतोष पांडेय, आरक्षी सलमान, आरक्षी सचिन कुमार तथा सर्विलांस टीम के उ0नि0 अजीत सिंह शामिल रहे।




## विद्युत संविदाकर्मी से मारपीट में आधा दर्जन पर केस

**प्रतापगढ़।** विद्युत संविदाकर्मी के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के दीवानी वार्ड निवासी प्रशान्त मिश्र पुत्र स्व0 जगदीश प्रसाद मिश्र ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह सांगीपुर के विद्युत उपकेंद्र भैंसना में नौकरी करता है। पीड़ित का आरोप है कि बीती सत्ताईस जून की रात करीब नौ बजे वह सड़क पर टहलने निकला था। इसी दौरान पहले से घात लगाए पीठापुर शाहबरी निवासी दिग्विजय सिंह उर्फ तूफान व जन्मेजय उर्फ मेजर पुत्रगण शमशेर सिंह, तेज प्रताप उर्फ सत्यम व कुंवर तेज प्रताप सिंह पुत्रगण जितेन्द्र सिंह, लवकुश पुत्र राम बहादुर तथा सिलोखर निवासी मनीष सिंह ने एकराय होकर पीड़ित पर हमला बोल दिया। आरोपियों ने पीड़ित को जमकर मारापीटा। गंभीर चोट लगने से वह बेहोश हो गया। आरोपीगण गाली व जानलेवा धमकी देते चले गये। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# अग्निकांड पीड़ित को विधिक सेवा प्राधिकरण से मिली आर्थिक सहायता



**पट्टी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रयासों से एक अग्निकांड पीड़ित को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता दिलाई गई है। जनपद न्यायाधीश राजीव कमल पांडेय व सचिव शांभवी द्वितीय के निर्देशन में प्राधिकरण द्वारा कमजोर वर्गों को लगातार विधिक व शासकीय सहायता प्रदान की जा रही है।

इसी क्रम में तहसील पट्टी के रानीपुर निवासी नंदलाल गुप्ता के रिहायशी मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी, जिससे उनकी पूरी गृहस्थी नष्ट हो गई। पीड़ित ने तहसील में संचालित लीगल एड क्लीनिक में प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई थी। मामले को संज्ञान में लेते हुए क्लीनिक प्रभारी व पीएलवी राम प्रकाश पांडेय ने उपजिलाधिकारी व तहसीलदार से संपर्क कर त्वरित कार्रवाई का अनुरोध किया। तहसीलदार अजय संतोषी ने स्वयं मौके पर जाकर नुकसान का आकलन किया और लेखपाल को रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। तहसील की रिपोर्ट पर प्रभावी पैरवी करते हुए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण से पीड़ित को ?8000 की सहायता राशि स्वीकृत कराई गई। इसके साथ ही पीड़ित को आपदा राहत के तहत पक्का आवास दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

## जमीन पर अवैध कब्जे की एसडीएम से शिकायत

**प्रतापगढ़।** नवीन परती की जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर उप जिलाधिकारी से शिकायत की गयी है। उप जिलाधिकारी ने जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। विकासखण्ड सांगीपुर के उदयपुर थानान्तर्गत पथरिया गांव निवासी शैलेष कुमार यादव ने उप जिलाधिकारी को दिये गये प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा नवीन परती की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। विरोध करने पर आरोपी मारपीट पर आमदा हो जाते हैं। मामले में एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने तहसीलदार को जांच कराकर उचित कार्रवाई के निर्देश दिये हैं।

## किशोरी के अपहरण का केस

**लालगंज।** किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती सत्ताईस जून की सुबह करीब साढ़े नौ बजे उसकी सत्रह वषीर्या पुत्री घर में बिना कुछ बताए कहीं चली गयी। काफी खोजबीन के दौरान जानकारी हुई कि रायबरेली जनपद के महावीर का पुरवा ऊंचाहार निवासी प्रयांशू सरोज पुत्र रामकिशुन सरोज भगा ले गया।

# बच्चों ने आयोजित किया सर्वधर्म सहभोज, दिया सामाजिक एकता का संदेश

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** तरुण चेतना द्वारा संचालित बाल अधिकार परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बहुता में सुभाष चन्द्र बोस केन्द्र के बच्चों द्वारा जाति एवं धर्म से ऊपर उठकर सर्वधर्म सहभोज का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य सामाजिक समरसता, भाईचारा और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में सभी धर्मों एवं समुदायों के लोगों ने एक साथ बैठकर सहभोज किया और बच्चों द्वारा दिए गए एकता एवं सद्भाव के संदेश का समर्थन किया। उपस्थित लोगों ने बच्चों की इस पहल की मुक्त कंठ से सराहना की। इस अवसर पर तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा, बच्चों ने जाति और धर्म से ऊपर उठकर समाज के सामने एकता, प्रेम और भाईचारे की प्रेरणादायक मिसाल प्रस्तुत की है। यह पहल न केवल सराहनीय है, बल्कि समाज को आपसी सद्भाव और समानता का संदेश भी देती है। प्रधान प्रतिनिधि वाहिद अंसारी ने कहा, ष्आज के समय में इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी विश्वास और सौहार्द को मजबूत करने का कार्य करते हैं। बच्चों द्वारा शुरू की गई यह पहल पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक है और हम सभी को मिल-जुलकर सामाजिक एकता को और मजबूत करने का संकल्प लेना चाहिए।तरुण चेतना के सह निदेशक हकीम अंसारी ने कहा, ष्बच्चों में मानवीय मूल्यों, समानता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना हमारी प्राथमिकता है। यह सहभोज इस बात का प्रमाण है कि यदि बच्चों को सही दिशा और अवसर मिले तो वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं। कार्यक्रम की प्रेरणास्रोत शकुंतला देवी ने बच्चों को एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश देते हुए कहा कि समाज की वास्तविक शक्ति उसकी विविधता में निहित एकता है। उन्होंने बच्चों को हमेशा भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।इस अवसर पर श्याम शंकर शुक्ला, रजनीश कुमार, ब्रह्मदेव उपाध्याय, आरती, लालसा सहित सैकड़ों लोगों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामाजिक सद्भाव, आपसी भाईचारे और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।



# पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ टिप्पणी किए जाने पर फूटा लोगों का आक्रोश

## राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा उप जिलाधिकारी को, एफआईआर दर्ज करने की मांग

**पट्टी।** पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी किए जाने से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों का गुस्सा सोमवार की सुबह फूट पड़ा। बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग ब्लॉक के निकट से नारेबाजी करते हुए तहसील में पहुंचे। वहां पर राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देकर इस मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की।

नगर के निवासी हाजी सईद अली, पूर्व सभासद सेराज अहमद, राजा अंसारी, पूर्व सभासद रियासत अली उर्फ भोले, हाफिज इसरार, यासीन अहमद, साहिल अहमद सहित बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोग ब्लाक के निकट एकत्रित हुए। वहां से नारेबाजी करते हुए वह लोग चैक होकर तहसील में पहुंचे। सभी हाथों में तख्तियां लिए हुए थे। तख्तियों पर टिप्पणी करने वाले नाजिया इलाही मुदार्बाद लिखा हुआ था। जिन पर कार्रवाई की मांग की जा रही थी। बाद में एसडीएम को राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन प्रदर्शन में शामिल लोगों द्वारा सौंपा गया। उसके बाद वह लोग वापस अपने घरों को लौट गए।



# पेड़ काटने के विवाद में बड़े भाई ने छोटे भाई को उतारा मौत के घाट

**● हत्या करने वाले भाई को मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार**

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के भेलखा गांव में पेड़ काटने के विवाद को लेकर बड़े भाई ने अपने छोटे भाई पर हमला कर दिया लाठी डंडे से छोटे भाई को बेरहमी से मारा गया जिससे वह खून से लहूलुहान हो गया और बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा हमला देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे परिवार के लोगों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भती कराया लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हमला करने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया था हमला करने वाले भाई को देर रात कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है

जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के भेलखा गांव में रामदुलारे के दो बेटे राजा सरोज और बब्बू सरोज के बीच पेड़ के काटने को लेकर विवाद चल रहा था दिनांक 28 जून को दो सगे भाइयों के बीच पेड़ काटने को लेकर फिर विवाद हुआ बड़े भाई राजा सरोज पुत्र स्वगीय रामदुलारे ने लाठी से छोटे भाई बब्बू सरोज, उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र राम दुलारे सरोज पर हमला कर दिया बेरहमी से लाठी से पीटा गया जिससे बब्बू सरोज के सिर पर गंभीर चोट लग गई हालात उसकी गंभीर हो गई घायल बब्बू सरोज की इलाज के लिए परिजनों ने अस्पताल में भती कराया इलाज के दौरान बब्बू सरोज की मौत हो गयी। मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है तहरीर के आधार पर मंझनपुर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत हुआ मुकदमा उपरोक्त में नामजद मुख्य अभियुक्त राजा सरोज को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है। एक बार फिर रिश्ते का कलंक हुआ है पारिवारिक विवाद बढ़ रहे हैं

## यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन धोखाधडी आवेदक के खाते में वापस कराए गए एक लाख 41 हजार रुपए

**कौशांबी** यूपीआई के माध्यम से की गयी ऑनलाइन धोखाधडी से संबंधित मामले में एक लाख 41हजार रुपए आवेदक के खाते में पुलिस ने वापस कराए है।आवेदक अमित कुमार निवासी व थाना मंझनपुर द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी कि यूपीआई के माध्यम से ऑनलाइन धोखाधड़ी कर ली गयी है। जिसके सम्बन्ध में आवेदक की शिकायत एनसीआरपी पोर्टल पर शि0सं0 23106260111841 दर्ज कर जाँच प्रारम्भ की गयी पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में साइबर अपराधियो के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही के परिणाम स्वरूप साइबर क्राइम थाना जनपद कौशाम्बी द्वारा कार्यवाही करते हुये आवेदक अमित कुमार के एक लाख 41हजार रुपए को उनके खाते में वापस कराया गया। आवेदक द्वारा धोखाधड़ी हुयी राशि प्राप्त होने पर कौशाम्बी पुलिस का आभार प्रकट किया गया।

## दलित नाबालिग लड़की को भगा ले गया युवक तीन दिन बाद भी नहीं लगा सुराग

**भरवारी कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे के मेहता रोड के एक डेरा की एक नाबालिक दलित बालिका उम्र लगभग 14 वर्ष को उसी मोहल्ले का अलीम उम्र 22 वर्ष पुत्र छैला 26 जून को भगा ले गया है बालिका के गायब होने के बाद परिवार के लोगों ने उसकी काफी खोजबीन की लेकिन बालिका का कहीं सुराग नहीं लगा है बालिका के साथ अलीम भी अपने घर से गायब है मामले की सूचना बालिका की मां ने चौकी पुलिस भरवारी को दिया है बालिका के गायब होने की सूचना मिलने के बाद चौकी पुलिस हरकत में आई और छानबीन शुरू कर दी है लेकिन तीन दिन बाद भी दलित नाबालिग बालिका और भगा ले जाने वाले युवक का सुराग नहीं लगा है इसके पहले भी कई लड़कियां भाग चुकी है लड़कियां भगाने का सिलसिला कोई नया नहीं है कुछ लड़कियों को पुलिस ने बरामद कर लिया है कुछ लड़कियों के बरामद करने का पुलिस प्रयास कर रही है बालिका के गायब होने के बाद से उसके परिवार के लोग परेशान हैं और बार-बार पुलिस से बालिका को खोजने की फरियाद कर रहे हैं चौकी प्रभारी ने आश्वासन दिया है कि घबराओ मत पूरा पुलिस स्टाफ जल्द से जल्द बालिका को खोज कर लाएगा

# प्रेम विवाह करने वाली बालिका की संदिग्ध दशा में मौत

**बालिका के भाई ने पति ससुर सास पर लगाया हत्या करने का आरोप एक साल में प्रेम विवाह का हुआ फिर दुखद अंत**

अखंड भारत संदेश





**कौशांबी** प्रेम विवाह करने वाली बालिका की सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है मौत के बाद बालिका के मायके में हड़कंप मच गया है मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई है पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बालिका के भाई कुलदीप पटेल ने सास ससुर पति पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है घटना कड़ाधाम थाना क्षेत्र के सौरई बुजुर्ग गांव की है

जानकारी के मुताबिक कड़ा धाम थाना क्षेत्र के ग्राम सौराई बुजुर्ग गांव निवासी रितु पटेल उम्र 20 वर्ष पुत्री मैकू पटेल ने एक वर्ष पूर्व गांव के ही अभिषेक पटेल पुत्र संतोष पटेल के साथ प्रेम विवाह किया था प्रेम विवाह के बाद ही बालिका को प्रताड़ित किया जाने लगा सोमवार सुबह डायल-112 पुलिस को सूचना मिली कि गांव में रितु पटेल की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलते ही कड़ाधाम थाना पुलिस भारी पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।पुलिस की प्रारंभिक जांच और मृतका के ससुराल पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार रितु पिछले कई दिनों से किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित थी। परिजनों द्वारा उसका कई अलग-अलग अस्पतालों में लगातार इलाज कराया जा रहा था। हालत में सुधार न होने पर उसे एसपीजीआई लखनऊ रेफर किया गया था जहां उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सोमवार सुबह परिजन शव को एम्बुलेंस से वापस गांव लेकर आए थे।इसी बीच मृतका के भाई ने रितु पटेल की मौत को लेकर हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए पुलिस को सूचना दी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर फील्ड यूनिट को मौके पर बुलाया और नायब तहसीलदार विनय कुमार और महिला उप निरीक्षक निधि वर्मा की मौजूदगी में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।घटना के बाबत थाना प्रभारी विनीत सिंह ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का पता पीएम रिपोर्ट और वैज्ञानिक साक्ष्यों के आने के बाद ही चल सकेगा। प्रकरण के हर पहलू की अत्यंत निष्पक्षता और गहनता से जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर वैधानिक और आवश्यक कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का डीएम ने किया स्थलीय सत्यापन

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी** जिलाधिकारी डॉ.अमित पाल ने राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत तहसील सिराथू की ग्राम रामपुर सुहेला में सोमवार को आयोजित कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की स्थिति का स्थलीय सत्यापन किया एवं ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया जिलाधिकारी ने कैम्प में आमजन की शिकायतों को सुना एवं भूमि विवाद से संबंधित आई.जी.आर.एस शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए नायब तहसीलदार को निर्देशित किया कि आई.जी.आर.एस. एवं कैम्प में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर गुणवत्तापूर्ण किया जाए कैम्प में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने शिकायतकर्ता राम भजन की शिकायत पर ग्राम की गाटा संख्या 624 की धारा 116 के अंतर्गत मौके पर ही मेड़बन्दी कराया गया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता रमाराम की शिकायत पर ग्राम की गाटा संख्या 849 की धारा 24 के अंतर्गत पैमाइश किया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सिराथू योगेश कुमार गौड़ उपस्थित रहे।

# जिले में आए दिन हो रही चोरी के सोना चांदी के जेवरात खरीदने वाले गिरोह का शातिर कौन

**सोना चांदी के व्यवसाय से जुड़े लोगों के अलावा अन्य लोगों के पास सोना चांदी के क्वालिटी की नहीं है परख**

**कौशांबी** जिले के किसी न किसी थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं आए दिन हो रही है जहां सोना चांदी चोर उठा ले जाते हैं लेकिन घटनाओं के खुलासे में चोरों को पकड़ने के बाद भी पुलिस चोरी के सोना चांदी नहीं बरामद कर पा रही है आखिर जब चोरी की घटनाएं आए दिन हो रही है तो सोने चांदी के जेवर कहां गायब हो रहे हैं आंकड़ों पर जाए तो जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में प्रत्येक महीने दजर्नो चोरी की घटनाएं हो रही है विभिन्न क्षेत्र से प्रत्येक महीने चोरी किए गए सोना चांदी के जेवर की कीमत करोड़ों में होती है इन घटनाओं में सोने चांदी के जेवर भी चोर उठा ले जा रहे हैं खुलासे के नाम पर चोरी के सोने चांदी के जेवर पुलिस नहीं बरामद कर पा रही है कभी पुलिस ने जेवर बरामद भी किया है तो केवल औपचारिकता निभाने तक बरामदगी होती है सोने चांदी के जेवर चोरी करने के बाद चोर इसे कहा बेचते हैं यह बड़ा मंथन का विषय है और इस पर चर्चा किया जाना भी लाजमी है चर्चाओं पर जाए तो सोने चांदी के जेवर को इसके अनुभवी लोग ही खरीदते हैं और जो चोरी के सोने चांदी के जेवर खरीदते हैं उनकी दुकान सूर्य उदय होते ही खुल जाती हैं कुछ व्यवसाई तो सूर्य उदय होने के पहले ही घर दुकान छोड़कर गांव के एकांत क्षेत्र में चोरों से मिलने पहुंच जाते हैं और कुछ अपने घर दुकान पर ही सूर्य उदय होने के पहले चोरी के जेवर खरीदने के लिए बैठे मिलते हैं और चोरी का जेवर खरीदने के बाद तुरंत केमिकल डाल करके उसे गला कर जेवर का रूप परिवर्तित कर दिया जाता है जिससे कभी पुलिस के सामने चोर ने इनका नाम भी कबूल किया तो सबूत नहीं मिल पाता है सोने चांदी के व्यवसाय से जुड़े लोगों के अलावा अन्य व्यवसाय से जुड़े नौकरी पेशा और राजनीति से जुड़े लोगों के पास सोने चांदी के क्वालिटी की परख का ज्ञान नहीं है जिससे अन्य लोग सोना चांदी के चोरी के जेवर को नहीं खरीदते है व्यवसाय से जुड़े लोग चोरी के सोना चांदी को खरीद कर मालामाल हो रहे हैं लेकिन चोरी के जेवरात खरीदने वालों को पुलिस ने लंबे समय से गिरफ्तार कर बेनकाब नहीं किया है हालांकि पूर्व के अनुभव बताते हैं जब कभी चोरी के सोना चांदी बेचने की बात चोरों ने काबुल की है तो धंधे से जुड़े लोग ही बेनकाब हुए हैं आए दिन चोरी की हो रही घटनाओं के बाद सोना चांदी के जेवर ना बरामद होने पर थाना चौकी पुलिस के खुलासा और उसकी कार्यशाली पर सवाल खड़े हैं चर्चाओं पर जाए तो जिले के प्रत्येक बड़ी बाजार में तीन-चार लोग चोरी के जेवर खरीदने के लिए जाने जाते हैं छोटे-छोटे चौराहे से लेकर छोटी बाजार और गांव तक में सोने चांदी के चोरी के जेवर खरीदने वाले व्यवसाई के रूप में मिल जाएंगे इन्हें बेनकाब करना होगा तभी सोने चांदी के जेवर की चोरी की घटनाओं पर रोक लगेगी चोरी के जेवरात खरीदने के बाद अचानक कुछ वर्षों में बढ़ी बेशुमार दौलत आर्थिक स्थितियों की भी जांच कर गैंगस्टर एक्ट 14 ए के तहत उनकी संपत्ति कुर्क कर इन्हें गिरफ्तार किए जाने की मांग आम जनता ने की है

# स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस प्रथम वर्ष द्वारा किया चार्ट एवं मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन

अखंड भारत संदेश




**कौशांबी** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी में दिनांक 29 जून को एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों की रचनात्मकता, वैज्ञानिक सोच एवं विषयगत समझ को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एनाटॉमी, फिजियोलॉजी एवं बायोकेमिस्ट्री विभाग के संयुक्त तत्वावधान में चार्ट एवं मॉडल प्रतियोगिता का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो० डा० हरिओम कुमार सिंह एवं वित्त नियंत्रक रवीन्द्र प्रताप सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर प्रो० डा० एस०एन० सिंह, प्रबन्धक तथा डा० विनोद कुमार,प्रधानाचार्य,आयुर्वेदिक कॉलेज चन्द्रशेखर ग्रुप संस्थान विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह प्रतियोगिता चिकित्सा शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, नवाचारपूर्ण एवं विद्याथी-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हुई। एमबीबीएस प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने विभिन्न समूहों में भाग लेते हुए मानव शरीर रचना (एनाटॉमी),शरीर क्रिया विज्ञान (फिजियोलॉजी) तथा जैव रसायन (बायोकेमिस्ट्री) से संबंधित विषयों पर आकर्षक एवं वैज्ञानिक चार्ट तथा मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रस्तुतीकरण,वैज्ञानिक दृष्टिकोण, विषय की गहन समझ एवं रचनात्मक कौशल का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रदर्शित चार्ट एवं मॉडलों के माध्यम से जटिल चिकित्सीय अवधारणाओं को सरल,सटीक एवं दृश्यात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया,जिसकी निर्णायक मंडल एवं उपस्थित शिक्षकों ने मुक्तकंठ से सराहना की। प्रतियोगिता का मूल्यांकन विषय विशेषज्ञों द्वारा वैज्ञानिक गुणवत्ता,विषयवस्तु की शुद्धता, प्रस्तुतीकरण, नवाचार तथा टीमवर्क जैसे मानकों के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता के परिणाम में फिजियोलॉजी विभाग प्रतियोगिता प्रथम स्थान ग्रुप संख्या 03 (रोल न0 21 से 30),द्वितीय स्थान ग्रुप संख्या 07 (रोल न0 61 से 70), तृतीय स्थान ग्रुप संख्या 04 (रोल न0 31 से 40) बायोकेमिस्ट्री विभाग (चार्ट प्रतियोगिता) प्रथम स्थान ग्रुप संख्या 07 (रोल न0 61 से 70) ,द्वितीय स्थान ग्रुप संख्या 04 (रोल न0 31 से 40) ,तृतीय स्थान ग्रुप संख्या 05 (रोल न0 41 से 50) बायोकेमिस्ट्री विभाग (मॉडल प्रतियोगिता) प्रथम स्थान ग्रुप संख्या 06 (रोल न0 61 से 60),द्वितीय स्थान ग्रुप संख्या 07 (रोल न0 61 से 70) ,तृतीय स्थान ग्रुप संख्या 08 (रोल न0 71 से 80)एनाटॉमी विभाग (प्रतियोगिता) प्रथम स्थान ग्रुप संख्या 11 (रोल न0 51 से 55) ,द्वितीय स्थान ग्रुप संख्या 09 (रोल न0 41 से 55) , तृतीय स्थान ग्रुप संख्या 13 (रोल न0 61 से 65) प्राप्त किया विजेता टीमों को प्रशस्ति एवं सम्मान प्रदान करते हुए महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो० डा० हरिओम कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान की भावना, नवाचार, रचनात्मकता एवं टीम भावना का विकास करती हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं है,बल्कि विषयों की व्यावहारिक एवं दृश्यात्मक समझ भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियाँ विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व एवं चिकित्सकीय दक्षता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाविद्यालय के सभी विभागों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर डा० सरस्वती जायसवाल यादव,डा० राकेश कुमार शुक्ला, डा० अरिन्दम चक्रवती,डा० रविरंजन सिंह,डा० विकास कुमार, डा० शारदा सिंह, डा० नरेन्द्र कुमार,डा० नन्दिनी राघव,डा० प्रतिमा त्रिपाठी, डा० अंकित तिवारी, डा० संदीप कुमार, डा० आत्मिक सिंह, डा० शिवम बिश्नोई सहित महाविद्यालय के अन्य चिकित्सक, संकाय सदस्य, एमबीबीएस प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राएँ एवं कमर्चारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### उप जिलाधिकारी ने ग्राम महंगूपुर में भूमि विवाद की शिकायतों का मौके पर ही कराया निस्तारण




**कौशांबी** राजस्व टीम कौशाम्बी द्वारा टॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधान अभियान के अंतर्गत उप जिलाधिकारी,मंझनपुर आकाश सिंह ने सोमवार को ग्राम महंगूपुर में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया गया। कैम्प में शिकायतकर्ता बृजभान सिंह की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम की गाटा संख्या 23, चकमार्ग की पैमाइश कर चिन्हित किया। इसी प्रकार शिकायतकर्ता पिन्टू की शिकायत पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम ने ग्राम की गाटा संख्या 54, खलिहान की पैमाइश कर चिन्हित किया उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए

### राष्ट्रीय स्वर्णकार राजनीतिक भागीदारी मंच-कौशाम्बी के जिला अध्यक्ष बने दीपक वर्मा



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय स्वणर्कार राजनीतिक भागीदारी मंच,उत्तर प्रदेश द्वारा दीपक वर्मा को कौशाम्बी जिले का जिला अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर संगठन एवं समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है।इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष अवधेश सोनी आशीष संदीप सोनी सुभाष सोनी रामू निर्मल मोहित चतुर्वेदी मुकेश पासवान रामविशाल पासी अमित मिश्रा रवि विश्वकर्मा एवं रघू विश्वकर्मा ने दीपक वर्मा को शुभकामनाएँ एवं बधाई देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन कौशाम्बी में और अधिक मजबूत होगा तथा स्वणर्कार समाज के हितों एवं राजनीतिक भागीदारी को नई दिशा मिलेगी।नवनियुक्त जिला अध्यक्ष दीपक वर्मा ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने,समाज की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने तथा सभी वर्गो को साथ लेकर संगठन के विस्तार के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

### ग्राम सभा आषाढा के फ़ैजीपुर में मोहर्रम का जुलूस सकुशल शांतिपूर्ण सम्पन्न



**आषाढा कौशांबी** मंझनपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा आषाढा के फ़ैजीपुर गांव में सोमवार को मोहर्रम त्यौहार में 13 वी का जुलूस निकल गया मोहर्रम का जुलूस परंपरागत मार्ग से निकाले गए।इस दौरान जिला पंचायत सदस्य यासिर मंजूर मेहंदी हसन अमीर हसन नकी जामिन अरमान रिजवी,शानदार जामिन,नक्की हैदर शाहिद तमाम लोग मोहर्रम के जुलूस में शामिल हुए मोहर्रम के जुलूस को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराए जाने के लिए थाना अध्यक्ष पश्चिम शरीरा भारी पुलिस फोर्स के साथ लगातार सुरक्षा व्यवस्था में लग रहे मोहर्रम त्यौहार के जुलूस को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त पुलिस बल को लगाया गया। इसके साथ ही लगातार सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी पुलिस आला अधिकारी द्वारा की गई

### बेनीराम कटरा चौराहे पर रोड पर लेटा शराबी व्यक्ति, राहगीरो मे मची हलचल



**बेनीराम कटरा कौशांबी** सराय अकिल थाना क्षेत्र के बेनीराम कटरा चौराहे पर सोमवार की शाम छह बजे शराब के नशे मे धुत एक व्यक्ति रोड पर लेट गया जिससे दुर्घटना की संभावना बन गई चौराहे से गुजर रहे लोगों की उस व्यक्ति पर जब नजर पड़ी तो मौके पर लोगो की भीड़ जुट गई स्थानीय लोगो के अनुसार व्यक्ति अत्यधिक नशे की हालत मे है और सड़क किनारे लेटा हुआ है जिससे आने-जाने वाले लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है शराबी ने सड़क को तमाशा बना दिया है और इन शराबियों पर कार्यवाही किए जाने की मांग जनता ने की है

### शिकायतों के निस्तारण में कोई हीलाहवाली बर्दास्त नहीं : एसपी

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा पुलिस कार्यालय में सोमवार को आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त शिकायती प्राथर्ना पत्रों के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कर आमजन को त्वरित राहत प्रदान किया जाए।

### हाईटेंशन बिजली के टॉवर पर चढ़ा किशोर,वीडियो वायरल

**कौशाम्बी** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के सेलरहा गांव के पास हाईटेंशन विद्युत ट्रांसमिशन टॉवर पर सोमवार को दो किशोर खेल-खेल में चढ़ गए। इनमें से एक किशोर तो नीचे उतर आया,लेकिन दूसरा टॉवर पर ऊपर चढ़ता ही चला गया जिससे उसकी जान को खतरा पैदा हो गया।टॉवर के नीचे खड़े अन्य लड़कों और स्थानीय राहगीरों ने उसे नीचे उतरने की सलाह दी लेकिन वह नहीं माना। उसकी इस लापरवाही से किसी बड़े हादसे की आशंका बढ़ गई थी मौके पर मौजूद लोगों ने इस घटना का वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल कर दिया वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में जुट गई है

### 37 मुकदमों के 283 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा पुलिस ने कराया नष्ट

**कौशाम्बी** मादक पदार्थों के निस्तारण एवं विनष्टीकरण के संबंध में निर्गत निर्देशों के क्रम में सोमवार को एसपी सत्यनारायण प्रजापत के निर्देशन में ऑपरेशन दहन के अंतर्गत जनपद कौशाम्बी के विभिन्न थानों में दर्ज मादक पदार्थों के मालों के निस्तारण के क्रम में विनष्टीकरण हेतु गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी के सदस्यों की उपस्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की गई।जिसके अंतर्गत विभिन्न थानों के कुल 37 मुकदमों के मादक पदार्थों का निर्देशानुसार कुल -283.805 किग्रा गांजा विनष्टीकरण किया गया,उक्त मादक पदार्थों को फेरो बिल्ड हार्ड इंडिया प्रा0लि0-8 3ए महेवा पूरब पट्टी नैनी जनपद प्रयागराज में फोटोग्राफी कराते हुए नष्ट कराया गया

### डाकघर में रजिस्ट्री करने के बाद नहीं मिलती कंप्यूटर की रसीद

**कौशांबी** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के तहसील स्थित डाकघर में प्रतिदिन सैकड़ों लोग अधिकारियों को रजिस्ट्री करते हैं लेकिन डाकघर में कंप्यूटर का प्रिंटर खराब है पिछले कई महीनों से रजिस्ट्री की रसीद के कागज डाकघर में नहीं है जिससे रजिस्ट्री करने वाले लोगों को डाकघर में रजिस्ट्री करने के बाद भी रसीद नहीं मिल पाती है जिससे लोगों के सामने तमाम समस्याएं खड़ी होती है बीते कई महीने से डाकघर में रजिस्ट्री की रसीद ना मिलने की समस्या का समाधान डाकघर के अधीक्षक से लेकर प्रवर अधीक्षक तक ने नहीं किया है जिससे डाकघर की चौपट व्यवस्था का अंदाजा लगाया जा सकता है रजिस्ट्री के निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत की खुलेआम वसूली डाकघर में प्रतिदिन हो रही है अधिक कीमत वसूली पर भी रोक नहीं लगाया गया है सवाल उठता है कि एक तरफ भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की बात सरकार कर रही है दूसरी तरफ खुलेआम रजिस्ट्री की रसीद में अधिक कीमत रजिस्ट्री करने वाले लोगों से हो रही है रजिस्ट्री करने वाले लोगों को रसीद भी नहीं दी जा रही है रसीद की मांग करने पर कंप्यूटर से मोबाइल में फोटो खींचकर दे दी जाती है अधिवक्ताओं से लेकर आम जनता ने शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए रजिस्ट्री रसीद की व्यवस्था कराए जाने और रजिस्ट्री की कीमत में अधिक शुल्क वसूली पर रोक लगाए जाने की मांग की है

# पार्षद के घर 25 लाख की चोरी का खुलासा, दो अंतरराज्यीय बदमाश सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश







**शिवपुरी।** जिले के पोहरी कस्बे में पार्षद नीतू शर्मा के घर हुई करीब 25 लाख रुपए की चोरी का पुलिस ने सफल खुलासा करते हुए दो अंतरराज्यीय अपराधियों सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक ऐसा शातिर बदमाश भी शामिल है, जिस पर राजस्थान पुलिस ने 50 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लगभग 23 लाख रुपए मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण, 85 हजार रुपए नकद, चोरी गई तिजोरी और बाइक बरामद कर ली है।

पुलिस अधीक्षक यांगचेन डोलकर भूटिया ने सोमवार को कंट्रोल रूम में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि 24 जून की रात पोहरी के कृष्णगंज क्षेत्र स्थित पार्षद नीतू शर्मा के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश करीब तीन क्विंटल वजनी लोहे की तिजोरी सहित लाखों रुपए के आभूषण और नकदी चोरी कर ले गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए विशेष पुलिस टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र की मदद से जांच शुरू की गई। जांच के दौरान पुलिस ने रामनिवास पुत्र उदय मोगिया निवासी गोपालपुर (शिवपुरी), श्रीवल्लभ पुत्र रणछोर उर्फ रनघोर पारदी निवासी कनैरा (थाना धरनावदा) तथा रामेश्वर पुत्र हरिशंकर गोस्वामी निवासी ग्वालीपुरा को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान श्रीवल्लभ पारदी के कब्जे से एक अवैध देशी बंदूक भी बरामद की गई।

**पड़ोसी ने दी थी घर की पूरी जानकारी :**

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी रामेश्वर गोस्वामी का पार्षद के घर नियमित आना-जाना था। इसी का फायदा उठाकर उसने घर की पूरी रेकी की और तिजोरी की स्थिति, परिवार के बाहर जाने का समय तथा घर की अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां गिरोह को उपलब्ध कराईं। इसके बाद आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

चोरी के बाद आरोपी तिजोरी को सुनसान स्थान पर ले गए, उसे तोड़कर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी निकाल ली तथा पुलिस से बचने के लिए पूरा माल रामेश्वर गोस्वामी के खेत के पास स्थित एक नाले में पत्थरों के नीचे मिट्टी में दबाकर छिपा दिया।

**23 लाख के जेवर और नकदी बरामद :**

आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने करीब 23 लाख रुपए मूल्य के सोने और चांदी के आभूषण, जिनमें मंगलसूत्र, अंगूठियां, कड़े, जंजीर, झुमके, कमरबंध, पायल, तोड़िया, बिछिया, बच्चों के चूड़े, सिक्के सहित अन्य जेवर शामिल हैं, बरामद किए। इसके अलावा 85 हजार रुपए नकद, चोरी में प्रयुक्त बाइक तथा पूर्व में बरामद की गई तीन क्विंटल वजनी लोहे की तिजोरी भी जब्त की गई।

**50 हजार का इनामी और कई राज्यों में दर्ज हैं गंभीर अपराध :**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी श्रीवल्लभ उर्फ रनघोर पारदी एक कुख्यात अंतरराज्यीय अपराधी है, जिसके खिलाफ मध्यप्रदेश सहित अन्य राज्यों में चोरी, लूट, डकैती, हत्या, हत्या के प्रयास और अन्य गंभीर अपराध दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी पर कोटा रेंज (राजस्थान) के पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय द्वारा 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। वहीं दूसरा आरोपी रामनिवास मोगिया भी अंतरराज्यीय अपराधी है, जिसके खिलाफ मध्यप्रदेश और राजस्थान के विभिन्न थानों में नकबजनी, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका :**

इस चर्चित चोरी का खुलासा करने में थाना प्रभारी पोहरी निरीक्षक रवि चौहान, थाना प्रभारी सुभाषपुरा उपनिरीक्षक अरविंद चौहान, उपनिरीक्षक वीरेंद्र परिहार, प्रधान आरक्षक हृदेश पाराशर, प्रमोद सेन सहित थाना पोहरी, थाना सुभाषपुरा एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि फरार अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है और मामले से जुड़े सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।



## बिलंदा गांव में मामूली विवाद पर खूनी संघर्ष महिलाओं समेत आधा दर्जन लोग भिड़े

**फतेहपुर, थरियांव।** मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में बदल गया। थरियांव थाना क्षेत्र के बिलंदा गांव में दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट की यह घटना कैमरे में कैद हो गई और अब इसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में आधा दर्जन से अधिक लोग आपस में भिड़ते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि इस मारपीट में महिलाएं भी शामिल दिख रही हैं। दोनों तरफ से एक-दूसरे पर जमकर वार किए गए। घटना की सूचना मिलते ही थरियांव थाना पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है। फिलहाल मारपीट के पीछे की असली वजह सामने नहीं आई है। पुलिस दोनों पक्षों से पूछताछ कर रही है और वीडियो के आधार पर मारपीट में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। पुलिस का कहना है कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पानी-बिजली की समस्या पर ग्रामीणों ने घेरा विधायक, बातचीत का वीडियो वायरल



**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले की पिछोर विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीणों द्वारा पेयजल और बिजली की समस्या को लेकर भाजपा विधायक प्रीतम लोधी को घेरने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में ग्रामीण महिलाएं क्षेत्र में लंबे समय से बनी पानी और बिजली की समस्या को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर करती नजर आ रही हैं, जबकि विधायक द्वारा दिए गए जवाब को लेकर भी राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। जानकारी के अनुसार, विधायक प्रीतम लोधी शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर थे। इसी दौरान एक गांव में ग्रामीण महिलाओं ने उनकी गाड़ी रुकवाकर पेयजल और बिजली की समस्या से अवगत कराया। महिलाओं ने बताया कि गांव में लंबे समय से न तो पर्याप्त पेयजल उपलब्ध है और न ही नियमित बिजली आपूर्ति हो रही है। उनका कहना था कि भीषण गर्मी में लोग पानी के लिए परेशान हैं, जबकि कई दिनों तक बिजली नहीं रहने से रातें अंधेरे और मच्छरों के बीच गुजर रही हैं। बातचीत के दौरान महिलाओं ने विधायक से कहा कि पहले गांव में पानी और बिजली की व्यवस्था कराई जाए, तभी चुनाव में वोट मिलेगा। इस पर विधायक ने मुस्कुराते हुए पूछा, "मुझे नहीं तो किसे दोगी वोट? महिलाओं ने जवाब दिया कि वोट तो आपको ही देंगे, लेकिन पहले हमारी पानी और बिजली की समस्या दूर करा दीजिए।

# मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री के प्रस्तावित शिवपुरी दौरे की तैयारियां शुरू

अखंड भारत संदेश



**शिवपुरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय संचार तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रस्तावित शिवपुरी दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। संभावित कार्यक्रमों के मद्देनजर सोमवार को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अर्पित वर्मा ने विभिन्न संभावित स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने सबसे पहले पोलोग्राउंड और गांधी पार्क पहुंचकर आयोजन स्थलों की भौतिक स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, पार्किंग, जनसुविधाओं तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का सूक्ष्म निरीक्षण किया। उन्होंने संभावित कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित ढंग से आयोजित करने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा भी की। इसके बाद कलेक्टर श्री वर्मा ने शिवपुरी हवाईपट्टी का निरीक्षण कर वहां की तकनीकी व्यवस्थाओं, सुरक्षा प्रबंधों एवं वीआईपी आगमन से जुड़ी तैयारियों का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों के साथ विभिन्न व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक सुधार एवं समन्वय के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान शिवपुरी विधायक देवेंद्र जैन, कोलारस विधायक महेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव एवं हरवीर रघुवंशी भी मौजूद रहे। जन प्रतिनिधियों ने प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित करते हुए आयोजन को सफल बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए और सभी व्यवस्थाओं को समय रहते पूर्ण करने पर बल दिया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला, एसडीएम आनंद राजावत, संयुक्त कलेक्टर अनुराग निंगवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# लखपति दीदियों के बीच दिखा सिंधिया का आत्मीय अंदाज, किचन में बेलीं पूड़ियां

अखंड भारत संदेश

### गुना में महिला स्व-सहायता समूहों से संवाद; बोले– विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं आत्मनिर्भर महिलाएं



**गुना।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने अपने चार दिवसीय गुना प्रवास के अंतिम दिन महिला सशक्तिकरण का अनूठा संदेश दिया। रविवार शाम हरीपुर पंचायत स्थित ह्यजिज्जी की पंचायत रेस्ट्रो मार्ट कैंटीनह्न पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने स्व-सहायता समूह की महिलाओं के बीच न केवल आत्मीय संवाद किया, बल्कि रसोई में पहुंचकर स्वयं पूड़ियां भी बेलीं। सार्वजनिक जीवन में सिंधिया का यह सहज और घरेलू अंदाज लोगों के आकर्षण का केंद्र बना रहा। इस अवसर पर ₹संघर्ष से समृद्धि तक लखपति दीदी की प्रेरक उड़ान₹ विषय पर आयोजित सम्मान समारोह में सिंधिया ने महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्यों से उनके संघर्ष, आजीविका, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद वे अपनी रुचि के अनुरूप विभिन्न स्वरोजगार गतिविधियों से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनी हैं और लगातार नए कौशल सीखते हुए आगे बढ़ रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ₹सपने केवल देखने के लिए नहीं होते, उन्हें साकार करने का साहस भी होना चाहिए।₹ उन्होंने कहा कि विकसित भारत-2047 के निर्माण में महिलाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। यदि किसी जिम्मेदारी का दायित्व महिलाओं को सौंपा जाए तो वे उसे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और उत्कृष्टता के साथ निभाती हैं। उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर देश की आर्थिक प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूह से जुड़ी मीनाक्षी दीदी ने अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए बताया कि दो वर्ष पहले आजीविका मिशन से जुड़ने के बाद उन्होंने सिलाई सहित कई स्वरोजगार गतिविधियां शुरू कीं। आज उनके समूह का कारोबार करीब एक करोड़ रुपये के वार्षिक टर्नओवर तक पहुंच चुका है और उनके साथ लगभग 100 महिलाएं रोजगार से जुड़कर आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई, बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने का सपना पूरा हुआ और पहली बार हवाई यात्रा करने का अवसर भी मिला।सिंधिया ने कहा कि स्व-सहायता समूह केवल महिलाओं की आय बढ़ाने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा देने का सशक्त अभियान हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार की योजनाओं और महिलाओं की मेहनत के बल पर आत्मनिर्भर भारत का सपना निश्चित रूप से साकार होगा।



## वीडियो विवाद के बीच खनिज निरीक्षक पर कार्रवाई की मांग तेज

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिले की पिछोर तहसील में अवैध खनिज परिवहन पर कार्रवाई के दौरान हुए विवाद ने अब तूल पकड़ लिया है। लोधी युवा शक्ति संगठन ने सोमवार को कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर खनिज निरीक्षक ऋषभ सिंह दीक्षित पर युवक के साथ कथित मारपीट, मोबाइल छीनने और अभद्र व्यवहार के गंभीर आरोप लगाते हुए तत्काल निलंबन, एफआईआर दर्ज करने तथा निष्पक्ष जांच की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि सात दिन के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम में लोकतांत्रिक आंदोलन किया जाएगा। संगठन के सदस्य कपूर लोधी ने बताया कि 19 जून को पत्थर से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पर खनिज विभाग कार्रवाई कर रहा था। इसी दौरान कई लोग अपने मोबाइल फोन से पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहे थे। आरोप है कि युवक मंगल लोधी भी वीडियो बना रहा था, तभी खनिज निरीक्षक ऋषभ सिंह दीक्षित ने उसका मोबाइल छीन लिया। विरोध करने पर उसके साथ कथित रूप से थप्पड़ मारकर धक्का-मुक्की की गई।

# न्यूज झरोखा

## नाज़िया इलाही खान के कथित आपत्तिजनक बयानों पर कार्रवाई की मांग, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**फतेहपुर।** सोमवार को मुस्लिम समुदाय के प्रतिनिधियों और नागरिकों ने नाज़िया इलाही खान द्वारा इस्लाम धर्म, पैगम्बर-ए-इस्लाम और उम्मुल मोमिनीन हज़रत आयशा (रज़ियल्लाहु अन्हा) पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया।काज़ी-ए-शहर मुफ़्ती शहाबुद्दीन मिस्बाही की अगुवाई में समुदाय के लोगों ने जिलाधिकारी फतेहपुर के माध्यम से भारत की महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि नाज़िया इलाही खान ने विभिन्न सोशल मीडिया मंचों और सार्वजनिक कार्यक्रमों में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाली टिप्पणियां की हैं।प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि मामले में कानून के अनुसार प्रभावी और निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि सामाजिक सौहार्द और धार्मिक सम्मान बना रहे। ज्ञापन सौंपने के दौरान मोहम्मद आसिफ एडवोकेट, गाजी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। प्रतिनिधियों का कहना है कि ऐसी टिप्पणियों से समुदाय की भावनाएं आहत हुई हैं।

## सौ घरों पर एक ट्रांसफार्मर, सभासद ने एसी को सौंपा ज्ञापन



**फतेहपुर।** अजगवां वार्ड नंबर एक में बिजली की गंभीर समस्या को लेकर सभासद विवेक सिंह 'सुशील' ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने आज अधीक्षण अभियंता अनिल वर्मा को ज्ञापन सौंपकर तुरंत कार्रवाई की मांग की।सूबेदार का पुरवा, अजगवां मोहल्ले में लगा 16 ङश्अ का ट्रांसफार्मर बुरी तरह ओवरलोड है। इससे करीब 100 घरों को बिजली सप्लाई होती है। क्षमता से ज्यादा लोड के कारण ट्रांसफार्मर आए दिन जल जाता है। सभासद के मुताबिक, सिर्फ इस महीने 4 बार ट्रांसफार्मर जल चुका है। बार-बार बिजली गुल होने से मोहल्ले के लोगों का गर्मी में बुरा हाल है। बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों की सेहत पर भी असर पड़ रहा है।सभासद विवेक सिंह ने एसी अनिल वर्मा से मिलकर दो मांगें रखीं,मौजूदा 16 ङश्अ ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाकर 25 ङश्अ की जाए ,एक अतिरिक्त 16 ङश्अ का नया ट्रांसफार्मर लगाया जाए एसी अनिल वर्मा ने ज्ञापन लेकर जल्द समाधान का आश्वासन दिया है। मोहल्ले के लोगों को उम्मीद है कि अब उन्हें बिजली कटौती से राहत मिलेगी।सभासद विवेक सिंह ने कहा कि वार्ड की जनता की परेशानी को देखते हुए विभाग को तुरंत कदम उठाने चाहिए।

## दो माह से वेतन को तरसे पंप ऑपरेटर, बोले- तनख्वाह नहीं दे सकते तो भीख मांगने की अनुमति दें



**शिवपुरी।** नगर पालिका शिवपुरी में कार्यरत पंप ऑपरेटरों का सब्र सोमवार को जवाब दे गया। पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने से आर्थिक संकट झेल रहे करीब 250 कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधीश के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि समय पर वेतन मांगने पर उन्हें नौकरी से निकालने और सेवा समाप्त करने की धमकियां दी जाती हैं। कर्मचारियों ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि नगर पालिका वेतन देने में सक्षम नहीं है, तो उन्हें कलेक्ट्रेट परिसर में भीख मांगने की अनुमति दे दी जाए, ताकि वे अपने परिवार का पालन-पोषण कर सकें। ज्ञापन में कर्मचारियों ने बताया कि नगर पालिका के 39 वार्डों में नियमित पेयजल आपूर्ति की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर है। इसके अलावा उनसे जल प्रदाय व्यवस्था के साथ-साथ बोरवेलों की मरम्मत, रखरखाव, बिल वसूली, मलेरिया विभाग सहित अन्य कई विभागीय कार्य भी कराए जाते हैं। इसके बावजूद दो माह से वेतन नहीं मिलने के कारण उनके परिवारों के सामने रोजमर्रा के खर्च चलाना भी मुश्किल हो गया है।

कर्मचारियों का आरोप है कि जब भी वे अपने उपयंत्री एवं प्रभारी अधिकारियों से वेतन भुगतान की मांग करते हैं, तो उन्हें सेवा समाप्त करने और नौकरी से हटाने की धमकियां दी जाती हैं। इससे सभी कर्मचारी मानसिक और आर्थिक तनाव में जीवन यापन करने को मजबूर हैं। पंप अटेंडर बुंदेला ने बताया कि नगर पालिका के लगभग 250 पंप ऑपरेटर पिछले दो माह से वेतन के इंतजार में हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों ने कभी अपने दायित्वों से पीछे हटने का प्रयास नहीं किया और पूरी निष्ठा से शहर में पेयजल व्यवस्था बनाए रखी, लेकिन बदले में उन्हें समय पर वेतन तक नहीं मिल पा रहा है। कर्मचारियों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि उनका लंबित वेतन तत्काल जारी किया जाए, ताकि उनके परिवारों को राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने कहा कि यदि नगर पालिका वेतन देने की स्थिति में नहीं है तो उन्हें कलेक्ट्रेट परिसर में भीख मांगने की अनुमति दी जाए, जिससे वे अपने बच्चों और परिवार का पेट भर सकें। मामले में अपर कलेक्टर दिनेश चंद्र शुक्ला ने कर्मचारियों को उनकी समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कर्मचारियों ने अपने ज्ञापन की प्रतियां सामान्य प्रशासन विभाग भोपाल, मानवाधिकार आयोग, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका अध्यक्ष तथा सूचना एवं प्रकाशन विभाग को भी भेजी हैं।

# सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन को मिला नेशनल सोशल इम्पेक्ट व वर्ल्ड बुक ऑफ एक्सीलेंस अवार्ड




**फतेहपुर।** जिले में रक्तदान और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था 'सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन' के खाते में एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। संस्था को 'नेशनल सोशल इम्पेक्ट अवार्ड-2026' और 'वर्ल्ड बुक ऑफ एक्सीलेंस, इंग्लैंड अवार्ड' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान निफा (नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स) द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर यूनिवसिटी (शहीद पथ, लखनऊ) के अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में आयोजित एक भव्य राष्ट्रीय समारोह में दिया गया। संस्था की ओर से यह प्रतिष्ठित पुरस्कार लेने टीम सदस्य शोभित सिंह, फूल सिंह मौर्य व गुरमीत सिंह पहुंचे। मुख्य अतिथियों में शामिल महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान, लघु उद्योग मंत्री नटवर गोयल, संदीप बंसल, निफा के राष्ट्रीय सेक्रेटरी अश्विनी सेठी, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी 'स्माइल मैन' के के नाम से प्रसिद्ध सर्वेश अस्थाना ने संयुक्त रूप से संस्था को ट्रॉफी व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिलीप कुमार दुबे व आलोक अग्रवाल ने की। यह सम्मान संस्था को निफा के 'संवेदना 2' अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया है। अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहीदी दिवस पर मानस रक्तकेंद्र में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था। इस अभियान का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों से रक्त एकत्रित कर जरूरतमंदों की जान बचाना था, जिसमें सर्व फॉर ह्यूमैनिटी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस राष्ट्रीय समारोह में पंजाब (लुधियाना) से गोपाल सिंह पुरवा, लखनऊ से सचिन श्रीवास्तव, महेंद्र कनवाल, मिर्जापुर से कृष्णानंद हैहेवंशी, अभिषेक साहू, गाजीपुर से शीर्ष दीप, डॉ. उरूज इस्लाम, बनारस से नामित पारिख, रोहित साहनी, आगरा से सुंदर सिंह, अयोध्या से इंस्पेक्टर रंजीत यादव, कानपुर से पवन व रोहित त्रिपाठी सहित गोरखपुर, गोंडा, सोनभद्र, बस्ती, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर जैसे कई जिलों के प्रबुद्ध समाज सेवी उपस्थित रहे। संस्था के पदाधिकारियों ने इस सफलता का श्रेय अपने निस्वार्थ रक्तदाताओं और सहयोगियों को दिया है।

# टेक्नोलॉजी आधारित पुलिसिंग में गुना ने रचा नया कीतिर्मान

अखंड भारत संदेश




**गुना।** आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग और डिजिटल पुलिसिंग को नई दिशा देते हुए गुना पुलिस ने प्रदेश स्तर पर बड़ी उपलब्धि हासिल की है। क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (उउळ्ठर) के उत्कृष्ट संचालन के लिए जिले को मध्यप्रदेश में दूसरा स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं सीसीटीएनएस नोडल अधिकारी प्रशांत सिंह सुमन को सम्मानित किया गया।

**डिजिटल पुलिसिंग की सफलता :** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल ने बताया कि गुना पुलिस अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने के लिए तकनीक आधारित पुलिसिंग को लगातार प्राथमिकता दे रही है। अधिकारियों एवं कमर्चारियों को नियमित प्रशिक्षण, सतत मॉनिटरिंग और सीसीटीएनएस के प्रभावी संचालन के कारण जिले ने वर्ष 2026 में प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। जिले के सभी थानों में अपराध पंजीयन, विवेचना, आपराधिक रिकॉर्ड का संधारण, आरोपियों की जानकारी का ऑनलाइन अपडेट तथा अन्य पुलिस अभिलेखों का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। इससे मामलों के निस्तारण में पारदर्शिता बढ़ी है और पुलिस कार्रवाई पहले की तुलना में अधिक तेज एवं प्रभावी हुई है। इस उपलब्धि के लिए भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय सेमिनार में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव कालगांवकर एवं पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन को ट्रॉफी एवं प्रशस्ति चिह्न देकर सम्मानित किया। गुना पुलिस भविष्य में भी डिजिटल पुलिसिंग को और अधिक मजबूत करेगी, ताकि आमजन को त्वरित, पारदर्शी और तकनीक आधारित पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। यह उपलब्धि प्रदेश में स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में गुना पुलिस के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

# जनपद के शीर्ष 10 करदाताओं और विद्यार्थियो को मिला भामाशाह सम्मान

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर सोमवार को कलेक्टरेट सभागार में व्यापारी कल्याण दिवस-2026 का आयोजन किया गया। राज्य कर विभाग उत्तर प्रदेश एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद के शीर्ष करदाताओं और प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने कहा कि व्यापारी वर्ग प्रदेश और देश की प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। व्यापारियों द्वारा दिए जाने वाले कर से ही सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित होती हैं और कर्मचारियों-अधिकारियों के वेतन का भुगतान होता है। उन्होंने कार्यक्रम में व्यापारियों द्वारा रखे गए सुझावों और मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि जनपद के कई व्यापारियों ने करोड़ों रुपये का कर जमा कर आर्थिक प्रगति में अहम योगदान दिया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016-17 की तुलना में 2025-26 में जनपद की जीडीपी में कई गुना वृद्धि हुई है, जिसमें व्यापारी वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने व्यापार को सुगम बनाने के लिए प्रशासनिक प्रयासों की जानकारी देते हुए बताया कि पहले राजस्व संहिता की धारा-80 के तहत कृषक भूमि को अकृषक घोषित कराने में कठिनाइयां आती थीं, लेकिन अब विकास प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत होने की स्थिति में इसकी आवश्यकता नहीं होगी। उपायुक्त जीएसटी ने दानवीर भामाशाह के जीवन, त्याग और महाराणा प्रताप को दिए गए आर्थिक सहयोग का उल्लेख करते हुए उनके ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में नगद भुगतान करने वाले जनपद के शीर्ष 10 करदाताओं जयप्रकाश पाण्डेय, नीरज कुमार, कमला देवी, प्रदीप मणि, आरजेएचएम मिनरल प्राइवेट लिमिटेड, रामबाबू गुप्ता, राजेश कुमार रावत, बृजेश कुमार शुक्ल, विनोद केशरवानी एवं राजीव अग्रवाल को प्रशस्ति-पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। साथ ही दानवीर भामाशाह विषय पर आयोजित चित्रकला, प्रश्नोत्तरी और निबंध प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों यूपीएस खोह के सिद्धार्थ व कृष्ण गोपाल मिश्र तथा यूपीएस खोही के शशिकांत, नसीम अली और खुशी विश्वकर्मा को भी प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ल ने किया। इस मौके पर जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, उपायुक्त व्यापार कर विक्रम अजीत, जिला विकास अधिकारी सत्यराम यादव, समाजसेवी सरयू केसरवानी, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता, विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

# किसान सभा में रासायनिक उर्वरकों के विकल्प अपनाने की सलाह

**चित्रकूट।** केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे सहकारिता सप्ताह के अंतर्गत सोमवार को कर्वी मंडी स्थित आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र में इंडियन फारमर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) द्वारा किसान सभा का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को खेती में रासायनिक उर्वरकों के विकल्प अपनाने और कम वर्षा की स्थिति में वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में इफको के उप क्षेत्र प्रबंधक राजवीर सिंह ने किसानों को जैविक कंपोस्ट खाद, हरी खाद और जैव उर्वरक के उपयोग की जानकारी देते हुए बताया कि डीएपी के विकल्प के रूप में नैनो डीएपी, यूरिया के विकल्प के रूप में नैनो यूरिया, जिंक सल्फेट के विकल्प के रूप में नैनो जिंक तथा बायो स्टिमुलेंट सागरिका का उपयोग किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है। जैव उर्वरक और हरी खाद के संबंध में जागरूक करते हुए किसानों को सलाह दी कि वे बुवाई के समय आधा लीटर एनपीके कंसोर्टिया गोबर की खाद में मिलाकर अथवा बीज उपचार के रूप में प्रयोग करें। साथ ही जहां संभव हो, ढैंचा की खेती कर हरी खाद तैयार करें। इससे रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में करीब 50 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है। इससे उत्पादन बढ़ने के साथ फसल कीट एवं बीमारियों से भी अपेक्षाकृत सुरक्षित रहती है। इफको एमसी फतेहपुर से आए कपिल गंगवार ने धान की फसल में खरपतवार नियंत्रण के लिए धान की रोपाई के तुरंत बाद तीन दिन के भीतर प्रीटिलाक्लोर का छिड़काव करने की सलाह दी।

इस दौरान वर्षा की कमी को देखते हुए किसानों को धान के स्थान पर बाजरा, तिल, उड़द, मूंग और अरहर जैसी फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया, ताकि संभावित सूखे से होने वाले नुकसान को कम किया जा सके। साथ ही किसानों को एनपीके कंसोर्टिया निःशुल्क वितरित किया गया। इस मौके पर प्रगतिशील कृषक चंदन सिंह पटेल, पत्रकार राघवेंद्र रघुवंशी आदि मौजूद रहे।

# चालानशुदा ट्रक लेकर फरार हुए चालक को पुलिस ने दबोचा

**चित्रकूट।** लालापुर पहाड़ के नीचे खड़े चालानशुदा ट्रक को लेकर फरार हुए चालक को रैपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर ट्रक बरामद कर लिया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकांत राय व क्षेत्राधिकारी राजापुर यामीन अहमद के पर्यवेक्षण में की गई। गौरतलब है कि बीती 25 जून को उपजिलाधिकारी द्वारा दो ट्रकों का चालान किया गया था। एक ट्रक थाना परिसर में खड़ा कराया गया था तथा गिट्टी लदा दूसरा ट्रक लालापुर पहाड़ के नीचे खड़ा था। बाद में लालापुर पहाड़ के नीचे खड़ा वह ट्रक मौके से गायब मिला। इस पर थाना रैपुरा में अज्ञात के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया। मामले की जांच के दौरान थाने के उपनिरीक्षक रामकुमार दुबे व उनकी टीम आरक्षी सूरज कुमार निर्मल व आकाश यादव ने ट्रक लेकर भागे कर्वी कोतवाली के अमानपुर चकमाली निवासी आरोपी चालक विनीत को भैरम बाबा मोड़ से पहले गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से चोरी किया गया ट्रक भी बरामद हुआ।

# आकांक्षी ब्लॉक रामनगर के 50 संकेतकों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश




**चित्रकूट।** विकास भवन सभागार में सोमवार को मुख्य विकास अधिकारी देवी प्रसाद पाल की अध्यक्षता में आकांक्षी ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) के अंतर्गत रामनगर ब्लॉक के 50 प्रमुख संकेतकों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें रामनगर ब्लॉक की समग्र रैंकिंग और सभी 50 संकेतकों की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में ब्लाक द्वारा शीर्ष 10 से नीचे रैंकिंग पाने वाले संकेतकों पर चर्चा करते हुए सीडीओ ने संबंधित विभागों को तेजी से सुधार लाने के निर्देश दिए। एमओआईसी रामनगर को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं की समय से पहचान कर उनका प्रथम तिमाही में पंजीकरण सुनिश्चित कराए। साथ ही छह एएनसी जांच, कम वजन वाले बच्चों की दर में कमी तथा हाई रिस्क प्रेग्नेंसी वाली महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएचसी, पीएचसी, एएएम और उपकेंद्रों पर एनक्यूएएस के लिए आंतरिक समिति गठित कर स्व-मूल्यांकन कराने और इसके बाद ई-एनक्यूएएस के लिए आवेदन करने के निर्देश दिए। एनसीडी के तहत मधुमेह और उच्च रक्तचाप की जांच भी लक्ष्य के अनुरूप करने को कहा तथा रिक्त मानव संसाधन के संबंध में आवश्यक पत्राचार करने के निर्देश दिए।

आईसीडीएस की समीक्षा के दौरान सीडीपीओ रामनगर को मई माह में पोषाहार वितरण की कम प्रगति पर फटकार लगाई गई। सीडीओ ने इसे तत्काल बढ़ाने, सभी बच्चों का नियमित मापन सुनिश्चित करने, आंगनबाड़ी केंद्रों पर पेयजल और शौचालय व्यवस्था दुरुस्त कराने तथा पोर्टल पर सही डाटा फीड कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा सैम और मैम श्रेणी के बच्चों की स्थिति में सुधार लाने पर भी जोर दिया गया। बेसिक शिक्षा विभाग की खराब रैंकिंग पर सीडीओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए बीईओ रामनगर को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुधारने के निर्देश दिए। साथ ही माध्यमिक शिक्षा विभाग को भी प्रगति बेहतर करने के लिए कहा गया। जल जीवन मिशन की समीक्षा कर जेई (जेजेएम) को ब्लॉक के विद्यालयों में पेयजल कनेक्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके लिए बीईओ से विद्यालयों की सूची प्राप्त कर दो दिन के भीतर की गई कार्रवाई से अवगत कराने को कहा गया। एडीओ कृषि को आगामी माह में अनिवार्य रूप से दो एफपीओ गठित करने के निर्देश दिए गए। वहीं बीडीओ रामनगर को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 42 अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने, स्वयं सहायता समूहों की संख्या बढ़ाने और रिवॉल्विंग फंड की प्रगति तेज करने को कहा गया। इसके अलावा स्किल डेवलपमेंट मैनेजर को लगातार कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर ब्लॉक की रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए गए। साथ ही एलडीएम, एडीओ पंचायत और जेई (जेजेएम) को मई माह की प्रगति रिपोर्ट तत्काल पोर्टल पर फीड करने के निर्देश दिए। कहा कि संकेतकों पर निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

## आज आएंगे कृषि मंत्री

**चित्रकूट।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही मंगलवार की शाम चित्रकूट आएंगे। इसके बाद बुधवार को सबेरे वह कामदगिरि की पूजा-अर्चना कर परिक्रमा करेंगे। इसके बाद वह कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा में आयोजित खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम के तहत एल नीनो के प्रभाव से बचाव के कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहां से वह आरोग्यधाम दीन दयाल शोध संस्थान के लिए रवाना होंगे। यह जानकारी कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक उत्तम त्रिपाठी ने दी है।

# बैटरी चोर गिरफ्तार, माल बरामद

**चित्रकूट।** राजापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चनहट में ट्रैक्टर की बैटरी चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बैटरी भी बरामद की गई है।

गौरतलब है कि चनहट निवासी राममूरत तिवारी ने बीते रविवार को पुलिस को सूचना दी कि उसका महिंद्रा ट्रैक्टर प्रतिदिन उनके घर के सामने खड़ा रहता है। बीती 25 जून की रात करीब एक बजे पड़ोस का ही रहने वाला 19 वर्षीय निखिलेश्वर उर्फ निखिल पुत्र ओंकारेश्वर वहां संदिग्ध अवस्था में टहल रहा था। उसी ने मौका पाकर ट्रैक्टर से बैटरी निकाल ली और पार कर दी। इस सूचना पर पुलिस ने 28 जून को आरोपित निखिल के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) के तहत मामला पंजीकृत कर उसकी तलाश शुरू कर दी। जिसके क्रम में सोमवार को गनीवां चैकी टीम ने चनहट तिराहे के पास वाल्मीकि नदी पुल (गनीवां रोड) से आरोपी निखिलेश्वर उर्फ निखिल को धर दबोचा। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी की गई ट्रैक्टर की एक बैटरी बरामद हुई। आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम में गनीवां चैकी प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता, आरक्षी अतुल सिंह परिहार, आरक्षी राहुल दीक्षित और चालक मुख्य आरक्षी वीरेन्द्र कुमार शामिल रहे।



# बुंदेलखंड के बेटे ने रचा इतिहासः बांदा के प्रो. अरुण कुमार दुनिया के टॉप 5% वैज्ञानिकों में शामिल, वैश्विक मंच पर लहराया भारत का परचम

अखंड भारत संदेश



**बांदा।** बुंदेलखंड की मिट्टी ने एक बार फिर दुनिया को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा दिया है। जनपद बांदा के मूल निवासी और स्वर्गीय बाबू लाल सिंह कुशवाहा के छोटे पुत्र प्रो. अरुण कुमार ने वह उपलब्धि हासिल की है, जिस पर पूरा देश गर्व कर रहा है। कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग रिसर्च के क्षेत्र में उन्हें प्रतिष्ठित SciRank Global की ताजा रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 5 प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान मिला है। यह सम्मान न केवल उनके व्यक्तिगत संघर्ष और प्रतिभा की पहचान है, बल्कि बुंदेलखंड की शिक्षा, संस्कार और क्षमता का भी वैश्विक प्रमाण है।

**चित्रकूट के साधारण छात्र से विश्वस्तरीय वैज्ञानिक बनने तक का सफर**

प्रो. अरुण कुमार की सफलता की कहानी उन लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा है, जो सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा चित्रकूट इंटर कॉलेज, चित्रकूट से प्राप्त की। इसके बाद आईईआरटी, प्रयागराज से बीटेक और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) राउरकेला से कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में एमटेक किया।

उनकी असाधारण प्रतिभा ने उन्हें दुनिया के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय नानयांग टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी (NTU), सिंगापुर तक पहुंचाया, जहां उन्हें पीएचडी के लिए स्कॉलरशिप मिली। पीएचडी के बाद उन्होंने एनटीयू में रिसर्च एसोसिएट, ताइवान की विश्वप्रसिद्ध एकेडेमिया सिनिका में पोस्ट-डॉक्टोरल रिसर्च फेलो तथा नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर (NUS) में वरिष्ठ शोधकर्ता के रूप में महत्वपूर्ण शोध कार्य किए।

**विदेश में सुनहरा भविष्य छोड़ मातृभूमि की सेवा चुनी**

जब विश्व के प्रतिष्ठित संस्थान उनकी प्रतिभा का लाभ उठा रहे थे, तब प्रो. अरुण कुमार ने वर्ष 2018 में भारत लौटने का निर्णय लिया। उन्होंने एनआईटी राउरकेला में प्रोफेसर के रूप में कार्यभार संभाला और आज वे देश के युवाओं को अत्याधुनिक तकनीकों की शिक्षा देने के साथ-साथ विश्वस्तरीय शोध का नेतृत्व कर रहे हैं। उनकी कई शोध उपलब्धियां अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी हैं और उनका कार्य वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में व्यापक रूप से उद्धृत किया जाता है।

**पिता का सपना हुआ साकार, परिवार में जश्न का माहौल**

प्रो. अरुण कुमार की इस ऐतिहासिक उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी की लहर है। उनके दिवंगत पिता स्व. बाबू लाल सिंह कुशवाहा ने जिस सपने को अपने बेटे की आंखों में देखा था, उसे आज प्रो. अरुण ने साकार कर दिखाया है। उनकी बड़ी बहन एवं वरिष्ठ समाजसेविका उमा कुशवाहा ने कहा कि यह पूरे परिवार, बुंदेलखंड और कुशवाहा समाज के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि उनके भाई ने अपनी मेहनत, ईमानदारी और लगन से यह साबित कर दिया कि प्रतिभा किसी बड़े शहर की मोहताज नहीं होती।

उल्लेखनीय है कि प्रो. अरुण कुमार वरिष्ठ पत्रकार संतोष कुशवाहा के साले हैं। उनकी इस उपलब्धि पर शिक्षाविदों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान आने वाली पीढ़ियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने की प्रेरणा देगा।

**बुंदेलखंड के युवाओं के लिए नई उम्मीद**

प्रो. अरुण कुमार की उपलब्धि केवल एक वैज्ञानिक की सफलता नहीं, बल्कि पूरे बुंदेलखंड की क्षमता का परिचय है। उन्होंने यह सिद्ध कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो, मेहनत ईमानदार हो और आत्मविश्वास अटूट हो, तो गांव की गलियों से निकलकर भी विश्व के सर्वोच्च मंच तक पहुंचा जा सकता है। आज उनका नाम केवल बांदा या चित्रकूट की पहचान नहीं, बल्कि भारत की वैज्ञानिक शक्ति का गौरव बन चुका है।

# सदर विधायक ने विभागीय अधिकारियों सँग नई विद्युत लाईन का लिया जायजा

- शंकर नगर व भूरागढ़ क्षेत्र के लोगों ने सदर विधायक का जताया आभार
- नई लाइन शुरू होने से उपभोक्ताओं को मिलेगी निर्बाध विद्युत आपूर्ति

अखंड भारत संदेश



**बांदा।** सदर विधायक के प्रयास से शहरी क्षेत्र के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी सौगात मिली है। शहरी क्षेत्र के दो फीडरों शंकर नगर और भूरागढ़ क्षेत्र (शहरी क्षेत्र) में बिछाई गई नई 11 केवी विद्युत लाइन कार्य का सदर विधायक ने पावर कारपोरेशन अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। शहरी क्षेत्र के आधा दर्जन मोहल्लों के लोगों को संकट मोचन बिजली सब स्टेशन से बिजली आपूर्ति की जाएगी। नई लाइन शुरू होने से उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली मिलेगी।

सोमवार को शहरी क्षेत्र के लोगों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने बिजली विभाग अधिकारियों के साथ इलाके के दो विद्युत फीडरों शंकर नगर और भूरागढ़ क्षेत्र (शहरी क्षेत्र) में बिछाई गई नई 11 केवी विद्युत लाइन कार्य का निरीक्षण किया। नई लाइन शुरू होने से शहरी और आसपास के क्षेत्रों को राहत मिलेगी। विद्युत व्यवस्था को और अधिक सुचारु एवं निर्बाध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हुआ है। लगभग डेढ़ किलोमीटर नई विद्युत लाइन बनाकर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति को अलग-अलग कर दिया गया है। अब रहुनिया, खुटला, निम्नीपार, मढ़िया नाका, खिन्नी नाका, पहाड़ी बाबा सहित शहरी क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति संकट मोचन विद्युत उपकेंद्र से और कहला, हटेटीपुरवा, गंछा व कांशीराम कालोनी सहित ग्रामीण क्षेत्र की आपूर्ति भूरागढ़ विद्युत उपकेंद्र से संचालित होगी। शंकर नगर क्षेत्र में 630 केवीए ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति होने और लंबी एलटी लाइन के चलते लोगों को गर्मी के मौसम में लो-वोल्टेज की समस्या का सामना करना पड़ता था। अब इस समस्या के स्थाई समाधान को तुलसी नगर फीडर से अतिरिक्त 250 केवीए का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया जा रहा है। इससे 630 केवीए ट्रांसफार्मर का लोड दो भागों मंच विभाजित होगा। जिससे शंकर नगर व आजाद नगर में लो-वोल्टेज की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही बिजली उपभोक्ताओं को भरपूर बिजली मिलेगी। सुधार से फीडर पर भार कम होगा। फॉल्ट की समस्या में कमी आएगी। दोनों क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता व विश्वसनीयता में सुधार होगा। इस मौके पर अधिशाषी अभियन्ता राजीव रंजन, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, अवर अभियंता वीके पाण्डेय, सावेन्द्र पटेल, भाजपा नेता पुष्कर द्विवेदी, आशीष पांडेय, विभागीय ठेकेदार सचिन मिश्रा, राकेश कुमार समेत विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# इमिग्रेशन कानून सख्त, शरणार्थियों के लिए नए स्पॉन्सरशिप रास्ते खुले UK इमीग्रेशन

**ब्रिटेन**

**सरकार** ने कहा है कि वह योग्य शरणार्थियों के लिए नए सुरक्षित और कानूनी रास्ते खोलेगी और साथ ही मानवाधिकार कानूनों में बदलाव करेगी ताकि देश में गैर-कानूनी तरीके से रह रहे लोगों को वापस भेजना आसान हो सके। इस योजना में शरणार्थियों के लिए नए रास्तों के साथ-साथ इमिग्रेशन से जुड़े व्यापक कानून भी शामिल हैं, जिनका मकसद सिस्टम के गलत इस्तेमाल को रोकना है, जिसे अधिकारी सिस्टम का दुरुपयोग कहते हैं। नए रास्तों के तहत, कम्युनिटी ग्रुप, यूनिवर्सिटी और एम्प्लॉयर को शरणार्थियों को यूके लाने के लिए स्पॉन्सर करने की इजाजत होगी। अधिकारियों ने बताया कि यह योजना कनाडा के इसी तरह के कम्युनिटी स्पॉन्सरशिप प्रोग्राम से प्रेरित है, जिसके तहत 1979 से अब तक लगभग 4,00,000 लोगों को बसाया जा चुका है। होम सेक्रेटरी शबाना महमूद ने शुक्रवार को कहा कि मैं




असली शरणार्थियों के लिए नए कानूनी रास्ते खोलूंगी, साथ ही उन कमियों को भी दूर करूंगी जिनका अक्सर गलत फायदा उठाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित इमिग्रेशन कानून का मकसद मानवाधिकार कानूनों के दुरुपयोग को रोकना और "बेबुनियाद दावों" पर सख्ती करना होगा। इस कदम से परिवार की परिभाषा भी सख्त हो जाएगी, ताकि यह सिर्फ.करीबी परिवार के सदस्यों पर ही लागू हो।

आलोचकों का कहना है कि मानवाधिकारों पर यूरोपीय कन्वेंशन का हवाला अक्सर उन लोगों को देश से बाहर भेजने से रोकने के लिए दिया जाता है, जिन्हें यूके में रहने का कोई अधिकार नहीं है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब महमूद को इस बात को लेकर सवालों का सामना करना पड़ रहा है कि क्या प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के पद छोड़ने के बाद वह अपने पद पर बनी रहेंगी। स्टारमर ने सोमवार को घोषणा की कि वह दो साल के कार्यकाल के बाद इस्तीफा देने की योजना बना रहे हैं; इस दौरान हुई गलतियों और गलत फैसलों ने पार्टी और जनता के बीच उनकी साख को कमजोर कर दिया था। सत्ताधारी लेबर पार्टी के नया नेता चुनने के कुछ ही हफ्तों के भीतर उनके पद छोड़ने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि ग्रेटर मैनचेस्टर के पूर्व मेयर एंडी बर्नहम बिना किसी पार्टी-स्तरीय मुकाबले के ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री बनेंगे।

# शांति समझौते पर ग्रहण!

**ईरान**

**ईरान** ने बहरीन को निशाना बनाकर ड्रोन से हमला किया और होर्मुज जलडमरूमध्य में एक जहाज पर भी अलग से हमला हुआ। ऐसा लग रहा था कि यह तेहरान की ओर से अमेरिका के रात भर चले हवाई हमलों का जवाब था। फारस की खाड़ी में हुई इन घटनाओं ने संघर्ष के फिर से बढ़ने के खतरे को उजागर किया, जबकि ईरान और अमेरिका युद्ध खत्म करने के लिए अंतिम समझौते तक पहुँचने के मकसद से एक अंतरिम समझौते पर सहमत हो चुके थे। स्ट्रेट से निकलने की कोशिश कर रहे एक जहाज पर ईरानी ड्रोन हमले के बाद अमेरिका ने हवाई हमले किए। यह उन हमलों की कड़ी का हिस्सा था जिन्होंने पहले से ही नाजुक युद्धविराम को हिलाकर रख दिया है। इसके अलावा, अमेरिकी नौसेना की देखरेख में काम करने वाली एक मल्टीनेशनल मैरीटाइम संस्था ने शनिवार को कहा कि वह स्ट्रेट में ओमान के तट के पास एक रूट का विस्तार करेगी ताकि आने-जाने वाले ट्रैफिक को गुजारा जा सके। इस




कदम से तेहरान के साथ तनाव का एक नया मुद्दा पैदा होने की संभावना है।बहरीन ने कहा कि कई ईरानी ड्रोनों ने देश को निशाना बनाया और इस हमले को नागरिकों और निवासियों की सुरक्षा के लिए एक गंभीर खतरा बताया। ईरान द्वारा बहरीन को निशाना बनाना अहम माना गया क्योंकि यह देश तेहरान के सबसे बड़े आलोचकों में से एक है और यहाँ अमेरिकी नौसेना का 5वां बेड़ा तैनात है। इसने गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो की मेजबानी भी की थी, जो ईरान के हमलों को रोकने और स्ट्रेट को पूरी तरह खुला रखने की अपील के साथ समाप्त हुई। इससे पहले शनिवार को, ईरान के अर्धसैनिक रिवोल्यूशनरी गार्ड ने सरकारी समाचार एजेंसी [illegible] के जरिए जारी एक बयान में कहा कि उसने क्षेत्र में अमेरिकी आतंकवादी सेना के कई ठिकानों को निशाना बनाया है। बयान में यह नहीं बताया गया कि किन जगहों को निशाना बनाया गया। इस बीच, ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स सेंटर ने बताया कि शनिवार को जलडमरूमध्य (स्ट्रेट) में एक टैंकर पर हमला हुआ। उन्होंने कहा कि क्रू सुरक्षित है और पर्यावरण को कोई नुकसान नहीं पहुँचा है।

# 194 साल के कछुए 'जोनाथन' को अपने हाथों से खिलाया खाना

**सेशेल्स**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और सेशेल्स के राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने विक्टोरिया में सेशेल्स के नेशनल बॉटनिकल गार्डन का दौरा किया। यह दौरा प्रधानमंत्री की इस द्वीपीय देश की आधिकारिक राजकीय यात्रा शुरू होने के कुछ ही समय बाद हुआ।

इस गार्डन के दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी को बड़े कछुओं को उत्साह के साथ खाना खिलाते हुए देखा गया। इनमें मशहूर 194 साल का कछुआ 'जोनाथन' भी शामिल था, जिसे दुनिया का सबसे उम्रदराज जीवित जमीनी जानवर माना जाता है।

दोनों नेताओं ने गार्डन परिसर में एक यादगार पौधा भी लगाया और वहां के कर्मचारियों से बातचीत की, जिन्होंने मेहमानों को गार्डन के खास पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री शनिवार दोपहर इस द्वीपीय देश की तीन दिन की यात्रा पर राजधानी पहुंचे। दोनों देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए, पीएम मोदी देश के 'नेशनल डे' के गोल्डन जुबली समारोह में 'गेस्ट ऑफ ऑनर' (मुख्य अतिथि) होंगे। यह समारोह 1976 में यूनाइटेड किंगडम से सेशेल्स की आजादी के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है। दोनों लोकतंत्रों के बीच गहरे राजनयिक संबंधों को दिखाते हुए, राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी ने कई बड़े कैबिनेट मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर हवाई अड्डे पर प्रधानमंत्री मोदी का व्यक्तिगत रूप से स्वागत किया।

स्वागत समारोह में शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए, जिनमें गुजरात के कच्छ



इलाके का पारंपरिक नृत्य भी शामिल था। इस सांस्कृतिक प्रस्तुति पर प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, अद्भुत सांस्कृतिक जुड़ाव! सेशेल्स में हवाई अड्डे पर हुए स्वागत में कच्छ का नृत्य भी शामिल था। जिस तरह से हमारे प्रवासी लोगों ने भारत के अलग-अलग हिस्सों की संस्कृति को संजोकर रखा है और उसे मनाया है, वह तारीफ के काबिल है।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस उत्साहपूर्ण स्वागत की झलकियाँ भी एक्स पर शेयर कीं और भारतीय प्रवासियों के अपार स्नेह और गर्मजोशी के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

हवाई अड्डे पर उतरते ही हुए आधिकारिक स्वागत का ज़िक्र करते हुए, प्रधानमंत्री ने अपनी यात्रा को लेकर उम्मीद जताई और एक्स पर लिखा, "सेशेल्स पहुँच गया हूँ। डॉ. पैट्रिक हर्मिनी द्वारा हवाई अड्डे पर किए गए गर्मजोशी भरे स्वागत की मैं दिल से सराहना करता हूँ। सेशेल्स हिंद महासागर में एक अहम समुद्री साझेदार और करीबी दोस्त है।

# इजराइल के खिलाफ शुरू हो गई बड़ी लामबंदी, ईरान के पाले में खड़ा हो गया कतर!



**ईरान**

**ईरान** ने 40 दिनों की जंग और कुर्बानियों के बाद वो हासिल किया है जो अब उसकी बादशाहत को लंबे वक्त तक बनाए रखेगा। इतना ही नहीं अरब देशों को किसी ना किसी तौर पर फारस पर डिपेंड होना पड़ेगा। फारस से संपर्क करना, रिश्ता कायम करना पड़ेगा। और तो और इजराइल के हाथ बांधने और उसे खौफजदा रखने का पूरा इंतजाम भी इस बार होने जा रहा है। सऊदी, पाकिस्तान तो साथ आ गए हैं। ईरान इशारे दे रहा है कि तुर्की, मिस्त्र, कतर ये सब मिलकर इतना मजबूत अलायंस बना सकते हैं कि पिछली बार की तरह इजराइल की कतर पर अटैक की हिम्मत ही ना पड़े। या लेबनान की तरफ देखने से पहले वो 10 बार सोचे। गौरतलब है कि इजराइल ने कतर में मौजूद हमास की पॉलिटिकल लीडरशिप को निशाना बनाने के लिए सीधा हमला कर दिया था। लेकिन अब प्रेसिडेंट के इशारे के बाद एक और अमीर मुस्लिम अरब देश कतर ने भी एक कदम आगे बढ़ाया है।

दरअसल कतर के प्राइम मिनिस्टर ने कहा है कि ईरान को शामिल करके फारस की खाड़ी का पूरा इलाका एक नया सिक्योरिटी सिस्टम बनाने पर विचार कर रहा है। यानी इसमें अरब का पूरा रीजन भी शामिल है। बस इसमें यूएई, कुवैत और बहरीन नहीं होंगे। बाकी सब होंगे। यानी कतर सीधे ईरान के साथ एक सिक्योरिटी अलायंस बनाने की बात कर रहा है। ओमान, ईरान, तुर्की, मिस्त्र होंगे। मजबूत देश ईरान के साथ सिक्योरिटी अरेंजमेंट पर ये लोग अब सोचने लगे हैं। या यूं कहें कि काम भी शुरू कर दिया है। एक्सपर्ट कहते हैं कि अरब देशों ने अमेरिका का सिक्योरिटी सिस्टम फेल होते अपनी आंखों से देख लिया है और उन्हें अच्छी खासी नसीहत लग गई है। उन्होंने देख लिया है कि ईरान की मिसाइल और ड्रोन कितने मजबूत थे। अरब देशों के कई शहरों को नुकसान पहुंचा और अमेरिका का डिफेंस सिस्टम देखता रह गया। इतना ही नहीं ईरान ने स्टेट ऑफ होर्मुज को भी ऐसे बंद करवा दिया था कि अमेरिका भी नहीं खुलवा पाया था। इसलिए अब उस रीजन के देश चाहते हैं कि एक पैरेलल सिस्टम बनाना पड़ेगा ईरान के ही साथ जिसे उन्होंने अमेरिका के चक्कर में पहले किनारे कर रखा था। ईरान को सटने नहीं देते थे।

जानकार कहते हैं कि इस जंग का सबसे बड़ा हासिल भी यही है कि जो ईरान पहले दुनिया में अपना सामान ना बेच पाता था, ना खरीद पाता था।

अब वह दोनों चीजें कर पाएगा। पड़ोसी देशों के साथ एक सिक्योरिटी एलायंस में आएगा। जानकार यह भी कहते हैं कि मिडिल ईस्ट का यह सिक्योरिटी एलायंस अगर बन गया तो इजरायल को बहुत भारी पड़ने वाला है। वैसे भी अमेरिका के बिना इजरायल एकदम तन्हा हो जाता है। कोई उसे पूछता नहीं है। अब देखना होगा कि ईरान और अरब देशों का यह गठबंधन कितनी जल्दी अपना स्वरूप ले पाता है।

# पाकिस्तान में भूकंप के तेज झटके

**पाकिस्तान**

**नेशनल** सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, शनिवार सुबह पाकिस्तान में रिक्टर स्केल पर 5.5 तीव्रता का मध्यम भूकंप आया, जिसका केंद्र बलूचिस्तान प्रांत में था। यह भूकंप सुबह 8:36:23 बजे 40 किलोमीटर की गहराई पर आया। ठउर ने पर एक पोस्ट में बताया कि भूकंप का केंद्र 30.271ट उत्तर अक्षांश और 69.733ट पूर्वी देशांतर पर था। देश के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए, हालांकि



किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। अधिकारी स्थिति पर नजर रखे हुए हैं और आगे की जानकारी का इंतजार है। शुरूआती रिपोर्टों में भूकंप की तीव्रता 5.4 बताई गई थी, जबकि बाद में NCS ने इसे 5.5 दर्ज किया।

# आतंकियों का जमावड़ा, हाफिज का बेटा भी मौजूद

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर शुक्रवार को एक विवाद में फंस गए, जब लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कथित आतंकवादियों ने इस्लामाबाद में उनके बड़े भाई शाहिद अख्तर के अंतिम संस्कार में हिस्सा लिया। वीडियो में लश्कर के कई आतंकवादी अंतिम संस्कार में शामिल होते दिखे। सूत्रों का कहना है कि यह वीडियो लश्कर या पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग ने जारी किया था, जो प्रतिबंधित जमात-उद-दावा का ही एक हिस्सा है। अंतिम संस्कार में शामिल लोगों की पहचान



PMML के इस्लामाबाद प्रमुख इनाम-उर-रहमान कंबोह और उसके सदस्यों अब्दुल्ला तूर, हाफिज उमर और अमजद भट्टी के तौर पर की गई। लश्कर के संस्थापक हाफिज सईद के बेटे और PMML के सदस्य तलहा सईद को भी अंतिम संस्कार में शामिल होते देखा गया।

इस घटना ने एक बार फिर पाकिस्तान की असलियत सबके सामने ला दी है और यह साबित कर दिया है कि इस्लामाबाद क्यों आतंकवादियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बना हुआ है। गौरतलब है कि हाल के समय में यह दूसरी बार है जब तलहा को किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में देखा गया है। इससे पहले अप्रैल में, वह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के विशेष सहायक राणा सनाउल्लाह के साथ एक ही मंच पर मौजूद थे और दोनों ने काफी देर तक आपस में बातचीत भी की थी। भारत ने बार-बार इस बात पर चिंता जताई है कि पाकिस्तान आतंकवादियों को मदद और छिपने की जगह देता है।

# होर्मुज जलडमरूमध्य में फिर महा-तनाव! बैटल पर अज्ञात प्रोजेक्टाइल से हमला, ब्रिटिश एजेंसी की चेतावनी।

**वॉशिंगटन**

**यूनाइटेड** किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन्स के अनुसार, रणनीतिक तौर पर अहम होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक टैंकर को हालिया समुद्री घटना में निशाना बनाया गया और उस पर हमला हुआ। ब्रिटिश समुद्री एजेंसी ने बताया कि टैंकर के कैप्टन ने पुष्टि की है कि जहाज पर एक अज्ञात प्रोजेक्टाइल (हवा में तेजी से चलने वाली चीज) से हमला हुआ। UKMTO ने आगे बताया कि जहाज के ब्रिज (कंट्रोल रूम) को नुकसान पहुँचा है। अहम बात यह है कि सभी क्रू सदस्य सुरक्षित बताए जा रहे हैं और इस हमले के बाद अभी तक पर्यावरण को किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। UKMTO ने कहा कि संबंधित समुद्री अधिकारी अभी इस घटना की जाँच कर रहे हैं।

इससे पहले, वॉशिंगटन के इन आरोपों के बाद कि तेहरान ने उसी जलमार्ग से गुजर रहे एक कार्गो जहाज को निशाना बनाया था, अमेरिका ने ईरान की मिसाइल और ड्रोन स्टोरेज सुविधाओं के साथ-साथ तटीय रडार ठिकानों पर सैन्य हमले किए थे।

वर सेंट्रल कमांड ने कहा कि ये जवाबी हमले हाल ही में समुद्र में हुए हमले का कड़ा



जवाब थे। घटना के बारे में विस्तार से बताते हुए सेंट्रल कमांड ने कहा, "25 जून को ईरान द्वारा 'M/V एवर लवली' पर वन-वे अटैक ड्रोन से हमला किए जाने के बाद, वर विमानों ने ईरान के मिसाइल और ड्रोन स्टोरेज ठिकानों और तटीय रडार साइटों पर हमला किया। ईरान के हमले के समय सिंगापुर के झंडे वाला यह कार्गो जहाज ओमान के तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहा था। बयान में आगे कहा गया,

"ईरानी सेना द्वारा कमर्शियल जहाजों के खिलाफ बिना किसी उकसावे के की गई आक्रामकता ने साफ तौर पर युद्धविराम का उल्लंघन किया। इसके अलावा, ईरान के खतरनाक व्यवहार ने नेविगेशन की आजादी को कमजोर किया, क्योंकि इस महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यापार गलियारे से बड़े पैमाने पर व्यापार होता है। इन खतरों का मुकाबला करने के लिए, अमेरिकी सेनाएं इस इलाके से गुजरने वाले कमर्शियल जहाजों को "सुरक्षित आवाजाही के लिए तालमेल और सहायता" देना जारी रखे हुए हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

# चीन के 109 मंजिला 'बुर्ज खलीफा' से टकराया विमान, उड़ गए परखच्चे

**चीन**

**चीन** की राजधानी बीजिंग शाम का वक्त और अचानक आसमान से मौत बरसने लगती है। 1700 फीट ऊंची बीजिंग की सबसे गगनचुंबी इमारत सिट्रिक टावर से एक ऐसा मंजर टकराता है जिसे देख पूरी दुनिया दहल जाती है। बीजिंग की 109 मंजिला ऊंची इमारत जो आसमान को चीरती हुई खड़ी है उससे एक छोटा विमान यानी कि लाइट स्पॉट एयरक्राफ्ट सीधे जा टकराया। टक्कर इतनी तेज थी कि 109वीं मंजिल की खिड़कियां कांच के पत्तों की तरह बिखर गई। इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर मलबे की बारिश होने लगी और देखते ही देखते धुएं का गुबार आसमान छूने लगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इस विमान ने महज 30 मिनट पहले शिफोसी एयरपोर्ट से उड़ान भरी थी। पायलट अकेला था। सब कुछ सामान्य लग रहा था। शाम के 5:40 बज रहे थे। विमान लैंडिंग के लिए वापस मुड़ने ही वाला था। लेकिन तभी किस्मत ने करवट ली।

फ्लाइट मॉनिटरिंग सिस्टम के डाटा के मुताबिक विमान अपने तय रास्ते से बुरी तरह भटक गया। रडार पर सिग्नल तब दिखा जब तक वो बीजिंग की ईस्ट फिफ्थ रिंग रोड के पास नहीं पहुंचा और फिर सन्नाटा विमान का संपर्क टूट गया और कुछ ही मिनटों बाद वो 1700 फीट ऊंचे टावर के सीने में समा



चुका था। जैसे ही टक्कर हुई बीजिंग की सड़कों पर अफरातफरी मच गई। सीएनए के पत्रकारों और चश्मदीदों ने बताया कि इमारत से लोग पागलों की तरह बाहर भाग रहे थे। पुलिस, फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस की कतारें लग गई। 109 मंजिला इस इमारत में कितने लोग फंसे थे, इसका अंदाजा लगा पाना भी मुश्किल था। ऊपर की मंजिलों पर फंसे लोग मदद के लिए चिल्ला रहे थे। जबकि नीचे मलबे के बीच से धुआं उठ रहा था। यह किसी हॉलीवुड फिल्म के क्लाइमेक्स जैसा था। लेकिन यह सब हकीकत थी। हैरानी की बात तो यह है कि चीन ने हाल ही में बीजिंग को ड्रोन मुक्त शहर घोषित किया था।

1 मई से यहां बिना इजाजत एक पत्ता भी नहीं हिल सकता था। फिर एक पूरा विमान इस सुरक्षा घेरे को तोड़कर शहर की सबसे ऊंची इमारत तक कैसे पहुंच गया? क्या यह सिस्टम की नाकामी है? दरअसल, फ्लाइट ट्रेडर 24 का डाटा बताता है कि विमान का रास्ता सामान्य नहीं था। क्या पायलट बेहोश हो गया था या प्लेन में कोई तकनीकी खराबी थी? जब आप अभी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। विमान का रजिस्ट्रेशन कोड बताता है कि यह चीन में ही बना एक हल्का स्पोर्ट्स एयरक्राफ्ट है जो एक स्थानीय जनरल एिएशन कंपनी का था। टक्कर इतनी भीषण थी कि एयरक्राफ्ट के परखच्चे उड़ गए। फिलहाल हताहतों की सटीक संख्या सामने नहीं आई है। लेकिन यह टक्कर 109वीं मंजिल पर हुई है जो बताती है कि नुकसान कितना बड़ा हो सकता है। राहत और बचाव कार्य अभी भी जारी है।

# सम्पादकीय

## शहादत पर विवाद होना दुखद

**मई** 2025 में पाकिस्तान के खिलाफ शुरू किए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' में छह जवानों की शहादत हुई थी, जिनके नाम अब साल भर बाद जाकर मोदी सरकार ने सार्वजनिक किए हैं। शहीद छह जवानों के नाम नेशनल वॉर मेमोरियल में उकेरे गए हैं। देश की रक्षा और आत्मसम्मान के लिए अपने प्राणों को दांव पर लगाने और सर्वोच्च बलिदान देने के इस जज्बे की तारीफ शब्दों में नहीं की जा सकती न ही पर्याप्त कृतज्ञता जताई जा सकती है। कायदे से शहादत जैसे विषयों पर राजनैतिक बहस या विवाद भी नहीं होने चाहिए। लेकिन मोदी सरकार ने अब सेना को भी राजनैतिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है। इसलिए शहादत पर विवादित बयानबाजी भी हो रही है।

दरअसल 28 जुलाई 2025 को संसद सत्र के दौरान लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बहस के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विपक्ष से कहा था, 'आपको सवाल पूछना है तो ये पूछिए कि इस ऑपरेशन में क्या हमारे जांबाज सैनिकों को कोई क्षति पहुंची है तो उसका उत्तर है नहीं।' रक्षा मंत्री के इस बयान का वीडियो सोशल मीडिया पर तैर रहा है, जिसमें सुनाई दे रहा है कि नहीं का उच्चारण उन्होंने पूरा जोर देकर किया था और तब सदन में मौजूद गृहमंत्री अमित शाह से लेकर तमाम बीजेपी सांसदों ने मेजें थपथपाकर मुस्कुराते हुए इस बयान का स्वागत किया था। इस बयान को सुनकर यही समझ आता है कि राजनाथ सिंह साफ कह रहे हैं कि हमारे जवानों को कोई नुकसान नहीं हुआ है। राजनाथ सिंह ने उसी वक्तव्य में आगे कहा था, 'प्रतिपक्ष के लोग पूछते रहे हैं कि हमारे कितने विमान गिरे, मुझे लगता है कि उनका यह सवाल राष्ट्रीय जनभावनाओं का सही प्रतिनिधित्व नहीं करता। उन्होंने एक बार भी नहीं पूछा कि हमारी सेनाओं ने दुश्मन के कितने विमान गिराए। उन्हें सवाल पूछना ही है तो उनका प्रश्न ये होना चाहिए कि क्या भारत ने आतंकवादी ठिकानों को तबाह किया, तो उसका उत्तर है हां। आपको प्रश्न पूछना है तो ये पूछिए कि क्या ऑपरेशन सिंदूर सफल रहा तो उत्तर है हां।' जिस तरीके विपक्ष का नाम लेकर और उसके सवालों की नीयत पर सवाल उठाकर रक्षा मंत्री ने जवाब दिया, उसी से जाहिर था कि सेना के नाम पर मोदी सरकार राजनीति कर रही है। देश की सेना को वह मोदी सरकार की सेना की तरह बताकर उसके कामों का श्रेय अकेले लूटना चाहती है। जबकि कायदे से सेना जो भी करती है, उसकी तारीफ की हकदार केवल वही होती है, कोई राजनैतिक दल नहीं। बहरहाल, रक्षा मंत्री ने जब ये कह दिया था कि किसी जवान की क्षति नहीं हुई, तो यही माना गया कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान का खूब नुकसान किया, लेकिन देश को कोई हानि नहीं हुई। हालांकि पाकिस्तान की तरफ से कभी लड़ाकू विमान गिराने के दावे किए गए, कभी 10 से ज्यादा जवानों को मारने के। लेकिन इन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया। अब छह जवानों के नाम सामने आए हैं, तो विपक्ष ने सवाल उठाए।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ भारत की जवाबी कार्रवाई को लेकर 'संसद को गुमराह' किया गया। एक्स पर श्री खेड़ा ने लिखा कि 'सिर्फ दो ही संभावनाएं हैं या तो रक्षा मंत्री को अपने ही मंत्रालय से जुड़े तथ्यों की जानकारी नहीं थी, जो उनकी क्षमता पर 'गंभीर सवाल' खड़ा करता है।

# 2027 यूपी विधानसभा क्या 2024 लोकसभा के नतीजे दोहराएगा?



शकील अख्तर

**अखिलेश** इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि जमीन पर कम ताकत दिखने के बावजूद प्रभाव में कांग्रेस की ताकत बहुत है। कांग्रेस के साथ आने से उनकी ताकत कई गुना बढ़ जाती है। जैसे एक मोटा उदाहरण दलित वोटों का ही है। दलित यूपी में सबसे कम सपा की तरफ जाता है। मायावती ने मुलायम अखिलेश के खिलाफ बोल-बोलकर उनके मन में बहुत गलत भावनाएं भर रखी हैं।

उत्तर प्रदेश विधानसभा के चुनाव में केवल छह महीने बचे हैं। 2022 में जनवरी के पहले सप्ताह में चुनाव कार्यक्रम घोषित हो गया था। और 10 फरवरी को पहले चरण का मतदान था।

कहने और लिखने को चुनाव अगले साल हैं। मगर समय कितना बचा है? समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव इसीलिए कह रहे हैं कि कांग्रेस की तैयारियां कमजोर लग रही हैं। कांग्रेस में इमरान मसूद इसका जवाब यह कह कर दे रहे हैं कि फिर लड़ लें अकेले चुनाव!

अखिलेश ने अकेले लड़ने की बात नहीं कही है। साफ कहा है कि साथ मिलकर लड़ेंगे। मगर उन्हें बेवजह भड़काने की कोशिश बताती है कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस कौन देख रहा है इसको लेकर स्पष्टता नहीं है।

इमरान मसूद सांसद हैं और 2024 के लोकसभा चुनाव सपा के साथ गठबंधन से ही बने थे। मगर कांग्रेस में जैसा अन्य प्रदेशों में होता है वैसा ही यूपी में भी हो रहा है कि हर नेता अपनी अलग भाषा बोल रहा है। केन्द्रीय स्तर पर कांग्रेस तैयारियों में कोई कसर नहीं छोड़ रही है।

चुनाव को देखते हुए ही उसने वहां अपने इन्चार्ज को बदला। यूपी में इस समय एक दलित वोट ही ऐसा है जो पूरी तरह ओपन है। किसी भी तरफ जा सकता है। और जिस तरफ जाएगा बड़ा हिस्सा। लगभग 21 प्रतिशत है। इसी की दम पर मायावती चार बार मुख्यमंत्री रही हैं। मगर अब उनकी राजनीति खुद अपने को बचाने तक ही सीमित हो गई है। हालत यह है कि लोकसभा और राज्यसभा में उनका एक भी सदस्य नहीं है। और विधानसभा में केवल एक। ऐसे में दलित वोट अपना रास्ता ढूंढ रहा है।

कांग्रेस ने यही देखते हुए अपने एससी डिपार्टमेंट के चैयरमेन राजेन्द्र पाल गौतम को यूपी का नया इंचार्ज बनाया है। मगर उन्होंने यूपी जाकर अपना कार्यभार संभालने से पहले ही दिल्ली में राज्य की आधी सीटों पर दावेदारी ठोक दी। यूपी में इस समय 403 विधानसभा की सीटों में से कांग्रेस की केवल 2 सीटें हैं। और दावा 200 से एक या दो ज्यादा सीटों पर!

जैसा कि हमने ऊपर लिखा केवल 6 महीने हैं और राज्य बहुत टफ। कितना? वह इसी से समझ लीजिए कि 37 साल पहले कांग्रेस के आखिरी मुख्यमंत्री हुए थे नारायणदत्त तिवारी। 1989 तक। उसके बाद से सपा भाजपा बसपा का दौर शुरू हो गया। और कांग्रेस 37 साल से राज्य में अप्रसांगिक पड़ी हुई है। सारे प्रयोग कर लिए अकेले लड़ कर भी और सपा-बसपा के साथ मिलकर भी। अपनी सबसे करिश्माई नेता मानी जाने वाली प्रिंयका गांधी को इंचार्ज बनाकर भी। मगर वह पार्टी जो आजादी के पहले जब संयुक्त प्रान्त कहा जाता था उस समय से बीच का जब गैरकांग्रेस वाद के नाम पर 1967 में संविद सरकारें बन रही थीं का थोड़ा सा अन्तराल छोड़ दें तो 1989 तक हमेशा सत्ता पर काबिज रही वह अब एक कमजोर हालत में पड़ी हुई है।

पांच साल तक कोई काम नहीं होता है। और जब चुनाव आता है तो हर बार वह बेमतलब की बहस शुरू हो जाता है कि साथ लड़ना है या अकेले! अभी समय है। हालांकि संभावनाएं यही कहती हैं कि साथ मिलकर लड़ेंगे। अखिलेश ने बोला ही है। और राहुल साथ मिलकर लड़ने के हिमायती हैं। और सबसे बड़ी बात 2024 लोकसभा चुनाव के नतीजों ने बता दिया कि साथ मिलकर लड़ने का क्या फायदा है। सपा और कांग्रेस ने मिलकर आधी से ज्यादा सीटें जीत लीं। 80 सीटों में से सपा ने 37 जीतीं। जो उसका आज तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कांग्रेस ने छह। मिलकर 43 हुईं। और भाजपा केवल 33 पर सिमट गई।

लोकसभा की सीटों पर विधानसभा के परिणाम नहीं मापे जा सकते। मगर दो साल में राज्य में भाजपा की हालत और कमजोर हो गई है। उसके आन्तरिक विवाद जो भाजपा में सामान्यतः होते नहीं हैं वह तो हैं ही। अखिलेश यादव इन्हें दो इंजनों का टकराना कहते हैं। भाजपा बातों से लोगों को भरमाने के लिए इस तरह के भाषाई खेल करती रहती है। डबल इंजन की सरकारें। अखिलेश अच्छा तंज करते हैं इस पर कि यूपी में तो दोनों इंजन आपस में ही टकराते रहते हैं। मोदी और योगी के बीच तनाव होने की बात करते हुए वे कहते हैं कि एक दूसरे के नमस्कार भी नहीं लिए जाते।

किसी और राज्य में इस तरह की स्थिति की आप कल्पना भी नहीं कर सकते। मगर यूपी में भाजपा के आन्तरिक झगड़ों का गहरा असर है। ऐसे में श्रीराम मंदिर के चढ़ावे में चोरी का मामला भाजपा के लिए सबसे बड़ी समस्या बन गया है।

खुद भाजपा विश्व हिन्दू परिषद के लोग इससे बेहद आहत हैं। दोषियों के लिए फांसी की मांग कर रहे हैं। तब आप सोच सकते हैं कि आम जनता में इसको लेकर कितना दुःख और रोष होगा। पेपर लीक बेरोजगारी जैसी दूसरी समस्याएं तो हैं हीं।

कांग्रेस छात्रों की समस्या पर प्रयागराज में एक बड़ा छात्र सम्मेलन कर रही है। यहां यह बात बहुत महत्वपूर्ण है कि विधानसभा में कांग्रेस का प्रतिनिधित्व चाहे कम हो मगर उसके मुद्दों का राज्य में बहुत समर्थन है। पहले प्रयागराज में 10 जुलाई को छात्र सम्मेलन होने वाला था। मगर इसके लिए छात्र और युवाओं का उत्साह देखते हुए कांग्रेस ने और ज्यादा तैयारी के साथ इसे करने के लिए इसकी तारीख बढ़ा दी है। अब यह 19 जुलाई को होगा।

एनएसयूआई और यूथ कांग्रेस की टीमों के साथ कांग्रेस के समन्वयक भी प्रयागराज और उत्तर प्रदेश के अन्य शहरों में छात्र और युवाओं के बीच जाकर उन्हें सम्मेलन में आने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। राहुल गांधी कोटा के पहले छात्र सम्मेलन की तरह यहां भी रहेंगे। और प्रियंका गांधी भी यहां आएंगी।

अखिलेश इस बात को अच्छी तरह जानते हैं कि जमीन पर कम ताकत दिखने के बावजूद प्रभाव में कांग्रेस की ताकत बहुत है। कांग्रेस के साथ आने से उनकी ताकत कई गुना बढ़ जाती है। जैसे एक मोटा उदाहरण दलित वोटों का ही है। दलित यूपी में सबसे कम सपा की तरफ जाता है। मायावती ने मुलायम अखिलेश के खिलाफ बोल-बोलकर उनके मन में बहुत गलत भावनाएं भर रखी हैं। मगर जब कांग्रेस सपा के साथ आती है तो दलित भी कांग्रेस पर विश्वास करके गठबंधन के साथ आता है। 2024 लोकसभा में उसने सपा कांग्रेस को वोट दिया। वैसे तो 2027 में सात राज्यों में विधानसभा चुनाव है। और हर राज्य का अपना अलग महत्व है। यूपी के अलावा उत्तराखंड, पंजाब, गुजरात, हिमाचल जैसे महत्वपूर्ण राज्यों के साथ मणिपुर एवं गोवा में भी चुनाव है।

मगर सबसे बड़ा राज्य होने के कारण और अभी श्रीराम मंदिर जो सीधा प्रधानमंत्री मोदी की देखरेख में है। वहां ट्रस्ट में उनके ही सारे आदमी लगाए गए थे। वहां चढ़ावे में चोरी हो जाना बताता है कि या तो सरकार का नियंत्रण कमजोर हो गया है या यह सब कुछ सरकार की जानकारी में हो रहा था। एक ड्राइवर टिन्नू यादव को मुख्य अभियुक्त बनाया जा रहा है। उसके लिए फांसी की सजा की मांग की जा रही है। बाकी एफआईआर में जिन आरोपियों के नाम हैं उनके लिए कहा जा रहा है कि छह-छह महीने जेल में रखकर फिर इन्हें छोड़ दिया जाए।

# जागी है पूर्वोत्तर इलाके में आर्थिक पुनरुत्थान की उम्मीद

जी एन बाजपेयी

**पूर्वोत्तर** क्षेत्र को उपजाऊ गंगा के मैदान, रेलवे और नदियों का व्यापक नेटवर्क, कोयला और अन्य खनिज संसाधन, ऐतिहासिक औद्योगिक स्थल, बड़ी और युवा आबादी तथा बंगाल की खाड़ी तक पहुंच जैसे वरदान मिले हैं। नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और दक्षिण-पूर्व एशिया के करीब होने से विदेशी बाजारों तक पहुंचने के बड़े मौके मिलते हैं।

देश ने चुनावों के दौरान, खासकर पश्चिम बंगाल में काफी राजनीतिक गहमा-गहमी देखी है। चुनावी हाथापाई और उसके बाद तृणमूल कांग्रेस में हुई राजनीतिक हलचल और तीखी बयानबाजी के दौर से हटकर अब समय आ गया है कि पश्चिम बंगाल में आर्थिक विकास के मुद्दों और पूरे पूर्वोत्तर क्षेत्र के एकीकृत विकास पर उनके असर की पड़ताल की जाए।

दिल्ली से लेकर पश्चिम बंगाल और सात पूर्वोत्तर राज्यों में (जिन्हें 'सेवन सिस्टर्स' कहा जाता है) से 6 में भारतीय जनता पार्टी या तो सीधे तौर पर या गठबंधन की मुख्य सहयोगी के तौर पर सत्ता में है। दिल्ली को छोड़कर बाकी सभी राज्य आर्थिक विकास, प्रति व्यक्ति जीडीपी और मानव विकास के नतीजों के मामले में पीछे हैं। इन राज्यों से बड़े पैमाने पर लोगों का बाहर जाना- जैसे रोजगार की तलाश में मजदूरों का, मौकों की तलाश में हुनरमंद लोगों का और मुनाफे की तलाश में पूंजी का पलायन-सामाजिक और राजनीतिक चिंता का लगातार कारण रहा है।

1947 में भारत की राजनीतिक आजादी के समय देश का आर्थिक भूगोल आज के दौर से काफी अलग था। देश की औद्योगिक और व्यावसायिक अर्थव्यवस्था में पूर्वी इलाकों की स्थिति काफी अहम थी जिसमें उत्तर प्रदेश, अविभाजित बिहार और पश्चिम बंगाल शामिल थे। इस क्षेत्र में औद्योगिक बुनियादी ढांचा, खनिज संसाधन, रेलवे नेटवर्क, नदी परिवहन और इंजीनियरिंग क्षमताएं बड़ी मात्रा में मौजूद थीं।

चीनी उत्पादन, कपड़ा बनाने, चमड़े के सामान, कांच और पीतल के सामान के साथ-साथ खेती से होने वाले उत्पादन में भी उत्तरप्रदेश का दबदबा था। कपड़ा मिलों और चमड़े की फैक्ट्रियों की वजह से कानपुर को 'पूरब का मैनचेस्टर' कहा जाता था। वाराणसी, आगरा, मेरठ व मुरादाबाद जैसे शहरों में मैन्युफैक्चरिंग की मजबूत परंपरा थी। कोयला, लौह अयस्क, अभ्रक, तांबा, बॉक्साइट, चूना पत्थर के उत्पादन और स्टील बनाने के काम में बिहार का वर्चस्व था। बोकारो, रांची, धनबाद और हजारीबाग शहरों









ने माइनिंग, मेटलर्जी और इंजीनियरिंग पर आधारित एक इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम बनाया।

उस समय पश्चिम बंगाल निस्संदेह देश का औद्योगिक दृष्टि से सबसे ज्यादा संपन्न राज्य था। कोलकाता भारत का प्रमुख वाणिज्यिक और औद्योगिक उत्पादन केन्द्र था तथा पूरे पूर्वोत्तर भारत, दक्षिण-पूर्व एशिया और यहां तक कि यूरोप तक फैले बड़े इलाके के लिए व्यापार व व्यापार का द्वार था। यह शहर बैंकिंग, बीमा और शिपिंग का केन्द्र था। जूट, इंजीनियरिंग के सामान, रेलवे के उपकरण, भारी मशीनरी, फाउंड्री और केमिकल के साथ-साथ चाय के व्यापार और निर्यात में भी राज्य अग्रणी था। कोलकाता, हावड़ा, दुर्गापुर, आसनसोल तथा बर्दवान तक फैला औद्योगिक क्षेत्र भारत के भारी उद्योग का प्रतिनिधित्व करता था। शोधकताओं का अनुमान है कि 1950-51 में भारत के औद्योगिक योगदान में पश्चिम बंगाल का हिस्सा लगभग 27 प्रतिशत था। इस इलाके की एकीकृत अर्थव्यवस्था ने ज्यादा उत्पादकता दी।

पूर्वोत्तर भारत के पिछड़ेपन की कहानी पर चर्चा करते समय इसके शुरूआती योगदान की ऐतिहासिक सच्चाई को भुला दिया जाता है। आजादी के शुरूआती दशकों में उप्र, बिहार और पश्चिम बंगाल में बनाए गए औद्योगिक बुनियादी ढांचे ने भारत के व्यापक आर्थिक बदलाव की अहम नींव रखी थी। पूर्वोत्तर, पश्चिमी एवं दक्षिणी क्षेत्रों के बीच आर्थिक अंतर कई जटिल ऐतिहासिक घटनाओं का नतीजा है जिनमें वृहद आर्थिक नीतियों की कमियां, संरचनात्मक असंतुलन तथा राजनीतिक बदलाव शामिल हैं। 1952 में 'फ्रेट इक्वलाइजेशन पॉलिसी' (माल ढुलाई समानीकरण नीति) के साथ यह गिरावट शुरू हुई। इसके तहत केंद्र सरकार ने समानीकरण कोष (इक्वलाइजेशन फंड) का इस्तेमाल करके जरूरी औद्योगिक सामानों की लंबी दूरी की ढुलाई के लिए सब्सिडी दी और उन भौगोलिक फायदों को खत्म कर दिया जो खनिज भंडारों से भरपूर राज्यों को स्वाभाविक रूप से मिले हुए थे। 'समानीकरण कोष' एक ऐसा वित्तीय या सरकारी कोष है, जिसे आर्थिक असंतुलन को दूर करने, विभिन्न आय या कीमतों के अंतर को पाटने या निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए बनाया जाता है।

क्षेत्रीय आर्थिक विकास में संतुलन बनाए रखने के व्यापक मकसद से कोयले व स्टील जैसे खनिजों को दूसरे राज्यों तक पहुंचाने के लिए ढुलाई सब्सिडी दी गई। हालांकि कपास और तिलहन जैसी दूसरी चीजों की ढुलाई लागत को एक समान नहीं किया गया। एक नजरिए से देखें तो पूर्वोत्तर को कम इनपुट लागत का जो प्राकृतिक लाभ मिला हुआ था उसे इस नीति ने खत्म कर दिया और इस नुकसान की भरपाई भी नहीं की। पश्चिम बंगाल का सकल घरेलू उत्पाद (ग्रॉस डोमेस्टिक प्रॉडक्ट-जीडीपी) 1960-61 में भारत के जीडीपी के लगभग 10.5 प्रतिशत से घटकर 2023-24 में 5.6 प्रति सैकड़ा हो गया। तर्क दिया जाता है कि इस गिरावट को मजदूरों की अशांति, बुनियादी ढांचे का खराब होना, कुशासन एवं तटीय अर्थव्यवस्थाओं के उभार जैसे कई अन्य कारकों ने और बढ़ा दिया। गिरावट की इस प्रक्रिया ने, जिसे अर्थशास्त्री अक्सर देश के भीतर 'बड़ा अंतर' कहते हैं, संरचनात्मक रूप से आगे रहने वाले क्षेत्र को व्यवस्थित रूप से पिछड़े क्षेत्र में बदल दिया।

पूर्वोत्तर क्षेत्र को उपजाऊ गंगा के मैदान, रेलवे और नदियों का व्यापक नेटवर्क, कोयला और अन्य खनिज संसाधन, ऐतिहासिक औद्योगिक स्थल, बड़ी और युवा आबादी तथा बंगाल की खाड़ी तक पहुंच जैसे वरदान मिले हैं। नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और दक्षिण-पूर्व एशिया के करीब होने से विदेशी बाजारों तक पहुंचने के बड़े मौके मिलते हैं। इतिहासकार और अर्थशास्त्री गुन्नार मिर्डल ने कहा है- 'विकास और अविकसित अवस्था, दोनों ही लगातार चलने वाली प्रक्रियाएं हैं।' पूर्वोत्तर के पुनरुद्धार को अलग-अलग राज्यों की अर्थव्यवस्थाओं को पृथक-पृथक विकसित करने के बजाय पूरे क्षेत्र को एक एकीकृत अर्थव्यवस्था के रूप में विकसित करने की एक मिली-जुली प्रक्रिया के तौर पर शुरू किया जाना चाहिए। इसके लिए व्यावहारिक नीतियां बनाने और सहयोगपूर्ण दृष्टिकोण अपनाने की जरूरत है। एक अत्याधुनिक हाई-स्पीड फ्रेट और औद्योगिक गलियारा विकसित किया जाना चाहिए जिसमें बिजनेस और इंडस्ट्रियल पार्क, वेयरहाउस, लॉजिस्टिक्स हब तथा एक्सपोर्ट जोन शामिल हों। यह औद्योगिक गलियारा उप्र में कानपुर, प्रयागराज और वाराणसी, बिहार में पटना व धनबाद तथा पश्चिम बंगाल में आसनसोल, दुर्गापुर और कोलकाता शहरों को जोड़ेगा। फ्रेट और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, इनलैंड वॉटरवेज, कंटेनर टर्मिनल, कोल्ड स्टोरेज चेन व मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के इर्द-गिर्द बनाया जाना चाहिए। बंदरगाह के आधुनिकीकरण, टेक्नोलॉजी पार्क, लॉजिस्टिक्स हब और अंतरराष्ट्रीय व्यापार सुविधाओं के जरिए कोलकाता को पूर्वी भारत के प्रवेश द्वार के रूप में फिर से जीवंत किया जाना चाहिए।

ऐतिहासिक अनुभवों के आधार पर उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रॉनिक्स, रक्षा, चमड़ा-टेक्सटाइल और फूड प्रोसेसिंग; बिहार में एग्रो-प्रोसेसिंग, उर्वरक, इंजीनियरिंग, सीमेंट व निर्माण सामग्री तथा नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों और पश्चिम बंगाल में इंजीनियरिंग, पेट्रोकेमिकल्स, जहाज निर्माण, रेलवे उपकरण एवं भारी उद्योगों के निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। इन योजनाओं के साथ-साथ शहरी विकास, मानव पूंजी में निवेश, क्रेडिट-टू-डिपॉजिट अनुपात को फिर से व्यवस्थित करने तथा संस्थागत समन्वय पर भी जोर दिया जाना चाहिए। भारत की 'डेवलप ईस्ट पॉलिसी' का लाभ उठाने के लिए यूपी, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम को मिलाकर एक स्थायी 'पूर्वी क्षेत्रीय परिषद' बनाई जानी चाहिए। अर्थशास्त्री अल्बर्ट हिर्शमैन का तर्क था कि 'विकास इस बात पर उतना निर्भर नहीं करता कि उपलब्ध संसाधनों एवं उत्पादन के कारकों के लिए सबसे अच्छा संयोजन क्या है, बल्कि इस बात पर आश्रित है कि विकास के उद्देश्यों के लिए उन संसाधनों और क्षमताओं को कैसे जुटाया तथा इस्तेमाल किया जाए ।

## आगरा में अफसरों को चेतावनी- घटिया काम पर दर्ज होगी FIR



आगरा

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि राज्य में विकास, सुशासन और जन-कल्याण के प्रयासों को नई गति मिलेगी। उन्होंने पीलीभीत की बरखेड़ा और बिसलपुर विधानसभा सीटों पर 569 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाली 66 परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुरादाबाद में भी उन्होंने 365 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत वाली 63 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ किया। इन परियोजनाओं में मुरादाबाद नगर, मुरादाबाद देहात और कुंदरकी विधानसभा क्षेत्रों के साथ-साथ नगर निगम और मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की परियोजनाएं भी शामिल थीं। एक दिन पहले, आदित्यनाथ ने आगरा डिवीजन के लिए विकास कार्यों, कानून-व्यवस्था की स्थिति और लोक निर्माण विभाग की प्रस्तावित कार्ययोजना की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में क्वालिटी और जवाबदेही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डिविजनल कमिश्नर के ऑडिटोरियम में एक हाई-लेवल मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास कार्यों में कमियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी और किसी भी हाल में क्वालिटी से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगरा, जो अब एक मेट्रो शहर है, वहां मेट्रो स्टैंडर्ड के हिसाब से पानी की सप्लाई, सड़कें, सीवरेज और शहर को सुंदर बनाने की सुविधाएं होनी चाहिए। सरकारी बयान के अनुसार, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे ग्रामीण सड़कों पर भारी वाहनों की आवाजाही पर तुरंत रोक लगाएं और सड़कों को नुकसान पहुंचाने वाले वाहन मालिकों से मरम्मत का खर्च वसूलें। उन्होंने जल जीवन मिशन, अमृत योजना, सीवर लाइन प्रोजेक्ट और अन्य बुनियादी ढांचा कार्यों के लिए खोदी गई सड़कों की खराब मरम्मत पर भी नाराजगी जताई। आदित्यनाथ ने चेतावनी दी कि खराब क्वालिटी के निर्माण के लिए इंजीनियर और ठेकेदार सीधे तौर पर जिम्मेदार होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे घटिया काम के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ [illegible] दर्ज करें और कानूनी कार्रवाई शुरू करें। मुख्यमंत्री ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और सुप्रीम कोर्ट में लंबित मामलों के कारण आगरा एयरपोर्ट के विस्तार, नए पुलों के निर्माण और सड़क चौड़ीकरण परियोजनाओं में आ रही कानूनी अड़चनों की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे यह सुनिश्चित करें कि विकास परियोजनाएं न रुकें और उनसे कहा कि वे अदालतों में सरकार का पक्ष प्रभावी ढंग से रखने के लिए वरिष्ठ वकीलों का एक पैनल बनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि जहां पुराने पेड़ सड़क चौड़ी करने के काम में बाधा डालते हैं, वहां उन पेड़ों वाली जमीन को बचाते हुए वैकल्पिक रास्ते तैयार किए जाने चाहिए।

## गाजीपुर में खेल विकास को मिलेगा नया बल, खिलाड़ियों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी ने दिए अहम निर्देश



अखंड भारत संदेश

**गाजीपुर ।जिलाधिकारी** अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति गाजीपुर की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार गाजीपुर में आहूत की गयी, जिसमें जिले में खेलो एवं खिलाडियों को बढ़ावा देने एवं जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की आय को बढ़ाने हेतु आबकारी विभाग, खनन विभाग, शस्त्र विभाग, संस्थाओं, राइस मिलों एवं क्लबो द्वारा कुछ धनराशि जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति में जमा करने हेतु प्रेरित किया गया जिससे खिलाडियों को अधिक से अधिक सुविधा प्रदान की जा सके।

इसके अतिरिक्त नवीन स्टेडियम छावनी लाइन गाजीपुर में प्रतिदिन अभ्यास करने वाले खिलाड़ियों हेतु पेयजल की व्यवस्था नगर पालिका द्वारा कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया साथ ही शौचालय एवं चेंजिंग रूम बालक/बालिका हेतु आगणन तैयार करने हेतु यू०पी०सी०एल० वाराणसी को निर्देश दिया गया। जनपद के विभिन्न खेलो के उदयीमान खिलाड़ियो को इक्यूपमेण्ट/खेल किट/पोषक आहार हेतु सहायता दिये जाने का निर्देश दिया गया। जिला युवा कल्याण अधिकारी गाजीपुर को तहसील खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति का रजिस्ट्रेशन कराने का आदेश दिया गया। बैठक में वेद सिंह चौहान अपर जिलाधिकारी (वि०रा०) गाजीपुर, जिला अर्थ संख्या अधिकारी गाजीपुर, राजेश त्रिपाठी जिला आबकारी अधिकारी, जिला खनन अधिकारी, दिलीप कुमार जिला युवा कल्याण अधिकारी गाजीपुर, जिला समाज कल्याण अधिकारी, प्रेमचंद चौहान डी०ए०ओ० (चिकित्सा विभाग) गाजीपुर , श्रीमती उपासना वर्मा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर, पूजा सिंह जे०ई० नगर पालिका, आदित्य कुमार वन अधिकारी गाजीपुर, अश्वनी कुमार राय जिला व्यायाम शिक्षक गाजीपुर, अमित राय जिला सचिव ओलिंपिक संघ गाजीपुर, मो0मोईन संयुक्त सचिव फुटबाल संघ गाजीपुर साथ ही सभी खेलो के प्रशिक्षक एवं समिति के अन्य अधिकारी/पदाधिकारी उपस्थित थे।